इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

वर्ष- 43 अंक -179 राजनांदगांव, गुरूवार 16 मई 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

अपनी गिरफ्तारी का आधार जानना अभियुक्त का मौलिक, वैधानिक अधिकार - सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 'न्यूज़क्लिक' के प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ की गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तारी और उसके बाद हिरासत को अवैध घोषित करते हुए उन्हें अविलंब रिहा करने का बुधवार को आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने इस मामले में अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त को अपनी गिरफ्तारी का आधार जानना मौलिक, वैधानिक अधिकार है।

न्यायमूर्ति बी.आर.गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पुरकायस्थ की ओर से दायर एक याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस ने लिखित रूप से आरोपी को यह नहीं बताया था कि आखिर उसने किस आधार पर गिरफ्तार किया था पीठ ने इस तथ्य का भी संज्ञान लिया कि मामले में आरोपपत्र पहले ही दायर किया जा चुका है।

शीर्ष अदालत ने इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के 13 अक्टूबर 2023 के आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसने पुरकायस्थ की गिरफ्तारी और पुलिस हिरासत के खिलाफ दायर रिट याचिका को खारिज कर दी थी।

न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली शीर्ष

अदालत की पीठ ने पुरकायस्थ को राहत देते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 22(1) (किसी भी व्यक्ति को बिना आधार बताए गिरफ्तार नहीं किया जा सकता) और 22(5) (हिरासत के आधार की जानकारी दी जानी चाहिए) पवित्र है और किसी भी स्थिति में इसका उल्लंघन नहीं किया जा सकता है।

पीठ ने कहा, अदालत के मन में कोई संदेह नहीं है कि यूएपीए के प्रावधानों के तहत या किसी अन्य अपराध के आरोप में गिरफ्तार किए गए किसी भी व्यक्ति के पास गिरफ्तारी के 'आधार' के बारे में जानने का मौलिक और वैधानिक अधिकार है। शीर्ष अदालत ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की इस दलील को खारिज कर दिया कि कानून के तहत आरोपी अपीलकर्ता को गिरफ्तारी के आधार के बारे में लिखित रूप में सूचित करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

पीठ ने कहा, हमें यह मानने में कोई झिझक नहीं है कि गिरफ्तार व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार के बारे में लिखित रूप में सूचित करने के पहलू पर इस अदालत द्वारा पंकज बंसल के मामले में निर्धारित वैधानिक आदेश की व्याख्या को समान रूप से लागू किया जाना चाहिए।%

अपीलकर्ता को यूएपीए के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति को गिरफ्तारी का आधार बताने का उद्देश्य हितकर और पवित्र है, क्योंकि यह जानकारी गिरफ्तार व्यक्ति के लिए अपने वकील से परामर्श करने का एकमात्र प्रभावी साधन होगी।

पीठ ने कहा, कोई भी अन्य व्याख्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 22(1) के तहत सुनिश्चित मौलिक अधिकार की पवित्रता को कम करने के समान होगी। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार भारत के संविधान के *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

अब चीन की खैर नहीं! भारतीय सेना ने चीनी सीमा के पास स्थापित की टैंक मरम्मत सुविधा, गतिरोध के बाद उठाया कदम

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने पूर्वी लद्दाख में अपने 500 से अधिक टैंकों और पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों को तैनात करने के साथ दुनिया की दो सबसे ऊंची टैंक मरम्मत सुविधाएं स्थापित करके एक तरह का रिकार्ड बनाया है। भारतीय सेना ने चीन सीमा के पास न्योमा और डीबीओ सेक्टर में 14,500 फीट से अधिक की ऊंचाई पर दो बख्तरबंद वाहन रखरखाव और मरम्मत सुविधाएं स्थापित की हैं।

चीन के साथ गतिरोध के बाद भारत ने उठाया कदम

यह टैंक और पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों के लिए दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र है। अप्रैल-मई 2020 में चीन की आक्रामकता से उत्पन्न गतिरोध के बाद भारत की ओर से पूर्वी लद्दाख में बड़ी संख्या में टैंक और बीएमपी लड़ाकू वाहनों के साथ-साथ क्रिक रिएक्शन फाइटिंग व्हीकल जैसे भारतीय निर्मित बख्तरबंद वाहनों को वहां तैनात किया गया है।

बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही भारतीय सेना

भारतीय सेना के अधिकारियों ने बताया कि टैंक और पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों को इन अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात किया गया है, जहां रखरखाव और मरम्मत के लिए उन्हें वापस लाना बहुत मुश्किल है। भारतीय सेना उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जहां तापमान बेहद कम है, टी-90 और टी-72, बीएमपी और के-9वज्र स्व-चालित होवित्जर सहित अपने टैंकों को रखने के लिए बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है।

इंदिरा-राजीव को लेकर मोदी की ओछी टिप्पणी ठीक नहीं - खड़गे

फोटो - खड़गे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हिदायत देते हुए कहा है कि श्री मोदी को समझना चाहिए कि अमेठी और रायबरेली के साथ गांधी परिवार का सौ साल पुराना रिश्ता है इसलिए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी तथा राजीव गांधी को लेकर उन्हें हल्की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

श्री खड़गे ने कहा, गांधी परिवार ने देश क असाधारण सेवा की है। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने खुद को देश के लिए कुर्बान किया है। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तो अपनी हजारों करोड रुपए की संपत्ति देश के नाम कर दी थी।

उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी के साथ राय बरेली और अमेठी का रिश्ता 100 साल का है। मोदी जी आज उसी गाँधी परिवार को गाली देते नहीं थकते। वे इंदिरा गाँधी और राजीव जी पर भी अपनी ओछी राजनीतिक टीका-टिप्पणी करते हैं। वह भूल जाते है कि वह देश के दो पूर्व प्रधानमंत्रियों के बारे में बात कर रहे हैं, जिन्होंने इस देश के लिए अपना सब कुछ लुटा दिया। यहाँ तक की अपनी जान भी कुर्बान कर दी। कांग्रेस नेता ने कहा, राजीव जी की शहादत का मजाक उड़ाने के लिये कहते हैं कि वह एसा कानून लाए जिससे वह इंदिरा जी की संपत्ति हड़प सकें। मगर मोदी जी भूल जाते हैं कि पंडित नेहरू ने अपनी 98 प्रतिशत सम्पति देश को समर्पित कर दी थी। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

'गुलाम जम्मू-कश्मीर में हो रही है हलचल', PoJK को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने कही बड़ी बात

नई दिल्ली। गुलाम जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में अशांति पर टिप्पणी करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि उन्हें इस बात में कोई संदेह नहीं है कि वहां रहने वाले लोग अपनी स्थिति की तुलना जम्मू-कश्मीर के लोगों से करेंगे। जयशंकर ने कहा, गुलाम जम्मू-कश्मीर में हलचल हो रही है। आप इसे इंटरनेट मीडिया या टेलीविजन पर देख सकते हैं। इसका विश्लेषण बहुत जटिल है, लेकिन निश्चित रूप से मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि पीओजेके में रहने वाले लोग अपनी स्थिति की तुलना जम्मू-कश्मीर के लोगों से कर रहे हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि हमारी तरफ के लोग वास्तव में प्रगति कर रहे हैं। दूसरे पक्ष के लोगों को कब्जे में होने, भेदभाव होने और बुरा व्यवहार होने का अहसास है। स्पष्ट रूप से ऐसी कोई भी तुलना उनके दिमाग में घर कर जाएगी। पीओजेके के भारत में विलय पर जयशंकर ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर का वह हिस्सा हमेशा हमारा था और रहेगा।

यूकेपीएनपी ने शिकायतों को दोहराया

बिजली मूल्य के उचित निर्धारण और रियायती आटे की मांगें पूरा करने के लिए इस्लामाबाद द्वारा अनुदान की घोषणा के बाद गुलाम जम्मू-कश्मीर में हिंसक विरोध प्रदर्शन रुक गया है। हालांकि, ब्रिटेन स्थित-यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) ने क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही शिकायतों को दोहराया है। यूकेपीएनपी ने अन्याय, असमानता और प्राकृतिक संसाधनों की व्यवस्थित लूट को स्थायी मुद्दों के रूप में उद्धृत करते हुए मानवाधिकारों के दशकों से चले आ रहे उल्लंघन का जिक्र किया। पार्टी ने हिंसा भड़कने की निंदा की और इसके लिए अर्ध-सैनिक बलों की तैनाती को जिम्मेदार ठहराया, जो अपने अमानवीय कार्यों के लिए कुख्यात हैं। न्यूज एजेंसी के अनुसार, गुलाम जम्मू-कश्मीर के प्रमुख कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने पीओजेके सरकार द्वारा जारी एक हालिया अधिसूचना पर गंभीर चिंता जताई है। 13 मई को जारी अधिसूचना का उद्देश्य बिजली दरों और टैक्स को कम करना था, लेकिन मिर्जा ने इसे अस्पष्ट और धोखाधड़ी वाला माना है। मिर्जा के अनुसार, जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी का नेतृत्व अधिसूचना को स्वीकार करने और आंदोलन को बंद करने से पहले कानूनी सलाह लेने में विफल रहा।

गुलाम जम्मू-कश्मीर की स्थिति का जायजा लेंगे शहबाज शरीफ

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कैबिनेट की बैठक के दौरान पीओजेके में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता जताई और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। बातचीत के जरिये मुद्दों के समाधान का संकल्प व्यक्त करते हुए शहबाज ने कहा कि वह जमीनी स्थिति का जायजा लेने के लिए खुद पीओजेके का दौरा करेंगे। उन्होंने मुहम्मद अली जिन्ना की भावनाओं को दोहराते हुए पाकिस्तान के लिए कश्मीर के महत्व पर जोर दिया।

विष्णुदेव साय सरकार का कैबिनेट विस्तार भी जल्द

रायपुर (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही कई राजनीतिक नियुक्तियां भी शुरू हो जाएंगी। इनमें सबसे पहले निगम-मंडल और आयोगों में नियुक्तियां की जाएंगी। विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी-संगठन के कामकाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पदाधिकारियों को इसमें महत्व दिया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि नियुक्तियों में क्षेत्रीय और जातिगत समीकरणों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही कांग्रेस सरकार के 21 निगम-मंडल और आयोगों के अध्यक्ष समेत 32 नेताओं की नियुक्तियां रद्द कर दी गई थीं। प्रदेश में लगभग 50 से ज्यादा निगम-मंडल, आयोग हैं जिनमें राजनीतिक नियुक्तियां की जानी हैं। इनमें 250 से ज्यादा नेताओं को एडजेस्ट किया जा सकता है। दरअसल निगम-मंडल, आयोग के अध्यक्षों को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया जाता है। इसके साथ ही उन्हें वेतन-भत्ता, वाहन, आवास आदि की सुविधा दी जाती है। सरकार बदलने के बाद कुछ निगम-मंडल और प्राधिकरणों में नियुक्ति रद्द किए जाने का मामला हाईकोर्ट भी पहुंचा था, जिसमें कोर्ट ने अध्यक्षों को राहत भी दी है।

निगम-मंडल और आयोगों में नियुक्तियां

प्रदेश में पाठ्य पुस्तक निगम, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस निगम, अपैक्स बैंक, खनिज विकास निगम, रायपुर विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल, छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, खनिज विकास निगम, मदरसा बोर्ड, छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम, राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल, राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड, सीएसआईडीसी, सिंधी अकादमी जैसे कई पद हैं।

संसदीय सचिवों को नियुक्ति करेगी सरकार

राजनीतिक गलियारों में चुनाव परिणाम के बाद मंत्रिमंडल विस्तार या फेरबदल की भी चर्चा हो रही है। हालांकि कोई भाजपा नेता खुलकर इस बारे में नहीं बोल रहा है। साय सरकार अपने कुछ विधायकों को संसदीय सचिव बनाने की तैयारी कर रही है। संसदीय सचिव बनाकर सीएम समेत सभी मंत्रियों के साथ अटैच किया जाएगा। कांग्रेस शासनकाल में विधायकों को संसदीय सचिव बनाया गया था। हालांकि संसदीय सचिव पद को लेकर लगातार सवाल भी उठते रहे हैं। कांग्रेस पहले भाजपा सरकार पर इसे लेकर सवाल उठाती थी। वहीं कांग्रेस सरकार में भाजपा इसे लेकर हमलावर थी।

सीएए के तहत पहली बार मिली 14 शरणार्थियों को नागरिकता, एमएचए ने सौंपे सर्टिफिकेट

नई दिल्ली। सीएए के तहत पहली बार 14 शरणार्थियों को देश की नागरिकता प्रदान की गई है। गृह मंत्रालय ने इस संबंध में 14 शरणार्थियों को सर्टिफिकेट जारी किया है। गृह मंत्रालय की ओर से यह बताया गया कि आज दिल्ली में 14 आवेदकों को नागरिकता प्रमाणपत्र सौंपे गए। कई अन्य आवेदकों को डिजिटल हस्ताक्षर किया हुआ प्रमाणपत्र ईमेल के माध्यम से जारी किए जा रहे हैं।

गैर मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता देने की प्रक्रिया शुरू

केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने नागरिकता का सर्टिफिकेट सौंपा और आवेदकों को बधाई है। उन्होंने नागरिकता संशोधन नियम 2024 की विशेषताओं के बारे में बताया। केंद्र सरकार के इस कदम के साथ ही पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में प्रताड़ना के शिकार होकर भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने की प्रक्रिया शुरू हो गई। दरअसल केंद्र सरकार की ओर से 11 मार्च को सीएए को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई थी और इसके तहत नागरिकता पाने के लिए आवेदन मांगे गए थे। इसमें शर्त ये थी कि आवेदक को आवेदन करने की तारीख से पहले देश में कम से कम 12 महीने रहना अनिवार्य है। नागरिकता संशोधन बिल पहली बार 2016 में लोकसभा में पेश किया गया था। यहां से तो यह पास हो गया था लेकिन राज्यसभा में अटक गया था।

इसके बाद मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में वर्ष 2019 में इसे फिर से लोकसभा में पेश किया गया। यह बिल दोनों सदनों से पास हो गया और *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

35 करोड़ की बरामदगी मामले में ईडी का बड़ा एक्शन, 6 घंटे की पूछताछ के बाद मंत्री आलमगीर आलम गिरफ्तार

रांची (आरएनएस)। दूसरे दिन छह घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को आलमगीर आलम 11.30 बजे ईडी ऑफिस पहुंचे थे।जिसके बाद ईडी उनसे पूछताछ शुरू कर दी। 35 करोड़ रूपए की बरामदगी के मामले में के अधिकारियों ने उनसे उनके आप्त सचिव संजीव लाल और निजी सहायक जहांगीर के बारे में पूछताछ की थी।

मंत्री आलमगीर आलम ने ईडी को कहा कि उन्हें निजी सहायक जहांगीर के पास करोड़ों रुपये होने की जानकारी नहीं थी। जहांगीर गलत कार्यों में लिप्त था, इसकी भी जानकारी नहीं थी। इसके अलावा विभाग में हो रही कमीशनखोरी के बारे में भी उन्हें नहीं पता।

ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे का निधन

भोपाल। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां और स्वर्गीय माधवराव सिंधिया की धर्मपत्नी माधवी राजे सिंधिया का गुरुवार को नई दिल्ली के एम्स में उपचार के दौरान निधन हो गया। सिंधिया राजघराने की प्रतिनिधि माधवी राजे सिंधिया की आयु 70 वर्ष थी। लगभग तीन माह से उनका उपचार चल रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, माधवी राजे सिंधिया ने बुधवार सुबह लगभग साढ़े नौ बजे अंतिम सांस ली।

एक दशक में मिले 51.40 करोड़ रोजगार- अनुराग

फोटो - अनुराग सिंह ठाकुर

नयी दिल्ली 15 मई (वार्ता) केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री और हिमाचल के हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने बेरोज़गारी और रोज़गार के मुद्दे पर इंडिया समूह के दावों को भ्रामक व खोखला बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार में रोज़गार सृजन की दिशा ऐतिहासिक कीर्तिमान बनने व रिकॉर्ड रोज़गार मिलने का दावा किया है।

श्री ठाकुर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से भारत में पिछले एक दशक में रोज़गार सृजन की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। रोज़गार के मुद्दे पर इंडी अलायंस लगातार झूठ बोल कर देश को गुमराह कर रहा है। स्कोच समूह द्वारा पिछले 10 वर्षों में भारतीय रोजगार सृजन पर जारी रिपोर्ट ने विपक्ष के झूठे दावों की पोल खोल दी है। मोदी नॉमिक्स के इस शानदार उदाहरण ने रोज़गार पर विपक्षी भ्रामक दुष्प्रचार की जड़ों को हिला दिया है। स्कोच की रिपोर्ट में सामने आया है की मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में 51.40 करोड़ रोजगार सृजित हुए हैं जो कि दिखाता है की मोदी सरकार की नीतियों से एक दशक में रोज़गार के कितने अवसर मिले है।

श्री ठाकुर ने कहा, लोकसभा चुनावों के पहले चार चरणों में जनता ने पहले ही मोदी सरकार के विकास के ट्रैक रिकॉर्ड पर अपनी मुहर लगा दी है और अब इस रिपोर्ट ने विपक्ष के दुष्प्रचार की कलई खोल कर दी है। ये हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी और समावेशी नेतृत्व की ही देन है की हमने विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त रोजगार सृजन होता देखा है। इससे पहले तो भारत में भ्रष्टाचार के ऊपर रिपोर्ट आया करती थी लेकिन आज विकास आधारित रिपोर्टें आ रहीं है। यह बदलाव देश को अच्छा लग रहा है और जनता को विश्वास है कि आज देश सुरक्षित हाथों में है।

श्री ठाकुर ने कहा कि जैसे जैसे मोदी सरकार के अभूतपूर्व विकास के दशक की उपलब्धियां सामने आ रही है वैसे-वैसे विपक्ष का भ्रामक दुष्प्रचार रेत के किले की तरह बिखर रहा है। पहले भी इन्होंने देश को गरीबों के नाम पर भ्रमित करने की कोशिश की थी तब एक रिपोर्ट सामने आई थी कि मोदी सरकार ने मात्र 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। अभी प्रकाशित हुई स्कोच की रिपोर्ट बताती है की 51.40 करोड़ सृजित रोजगार में 19.79 करोड़ मोदी सरकार की विभिन्न स्कीमों व नीतियों की वजह से हुए हैं। इसके साथ ही 31.61 करोड़ रोजगार बैंकों की तरफ से दिए गए लोन की वजह से संभव हुए हैं। इसमें मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने बेहतरीन भूमिका निभाई है और हर साल औसतन 3.6 करोड़ लोगों को रोजगार दिया है। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम सड़क योजना, कौशल विकास योजना, पीएम स्वनीधि और *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

दिल्ली के चांदनी चौक में रैली में बोले सीएम केजरीवाल, कमल का बटन दबाया तो मुझे जेल में जाना होगा

नई दिल्ली। सीएम अरविंद केजरीवाल ने चांदनी चौक पर आयोजित रैली में जमकर बीजेपी पर निशाना साधा। केजरीवाल ने कहा कि उनको जेल भेजकर पार्टी को तोड़ने की कोशिश की गई। लेकिन बीजेपी को सफलता नहीं मिली। इस दौरान केजरीवाल ने लोगों से अपील की कि वे इंडी गठबंधन को वोट दें।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में चांदनी चौक पर रैली की। चांदनी चौक लोकसभा सीट पर कांग्रेस कैंडिडेट जेपी अग्रवाल के समर्थन में उन्होंने लोगों से कहा कि अगर आपने कमल का बटन दबाया, तो मुझे जेल जाना पड़ेगा। अगर आपने इनका (कांग्रेस) का बटन दबाया, तो जेल नहीं जाना पड़ेगा। बता दें कि दिल्ली में छठे चरण में 25 मई को वोटिंग होनी है। बुधवार को सभा से पहले केजरीवाल ने रोड शो भी निकाला। केजरीवाल ने कहा कि आप को खत्म करने की कोशिश हो रही है। पीएम के खिलाफ केजरीवाल ने लोगों को नया नारा दिया। केजरीवाल ने कहा कि जो करे केजरीवाल से प्यार, वो करें मोदी को इनकार।

केजरीवाल का रोड शो चांदनी चौक इलाके से मॉडल टाउन से गुजरा। लोगों के सामने केजरीवाल ने कहा कि उनकी पार्टी को तोड़ने के लिए काम किया जा रहा है। केजरीवाल ने लोगों से कहा कि उनको जेल में जाना है या नहीं। ये सब जनता को तय करना है। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, बाल-बाल बचे टीआई

इलाके में सर्चिंग अभियान जारी

रायपुर/बीजापुर। नक्सलियों ने बुधवार की सुबह फरसेगढ़ टीआई की वाहन में आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इस घटना में जहां टीआई सुरक्षित है। वहीं वाहन को क्षति पहुंची हैं। फरसेगढ़ से बीजापुर आने के दौरान सोमनपल्ली के पास घटना हुई है।

पुलिस मिली जानकारी के मुताबिक, फरसेगढ़ थाना प्रभारी आकाश मसीह प्रधान आरक्षक संजय के साथ आज सुबह चारपहिया वाहन से सरकारी काम से फरसेगढ़ से बीजापुर आ रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने कुटरू और फरसेगढ़ मार्ग पर सोमनपल्ली के पास टीआई की वाहन पर आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इस घटना में जहां टीआई आकाश मसीह व प्रधान आरक्षक संजय सुरक्षित है, तो वहीं विस्फोट से वाहन को क्षति पहुंची हैं।

सट्टा संचालन के लिए बैंक खाता खुलवाने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

सट्टा के पैसों के लेन-देन हेतु दूसरों के नाम पर खुलवाते थे बैंकों में खाते

रायपुर (आरएनएस)। आम लोगों को पैसों का लालच देकर खाता खुलवाने तथा उनके खातों को सट्टा संचालन के लिए उपयोग करने के मामले में पुलिस ने खाता खुलवाने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 6 नग मोबाईल फोन एवं एक नग पासबुक जप्त किया है।

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एंटी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को आई.पी.एल. क्रिकेट मैच 2024 के सीजन में क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खेलने/खिलाने वालों एवं इस कारोबार में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही क्रिकेट सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में थाना गंज के अपराध क्रमांक 188/24 धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 एवं 420, 120बी भादवि., 66सी आई.टी.एक्ट तथा भारतीय तार अधिनियम की धारा 25 सी के प्रकरण में एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अब तक कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 नग लैपटॉप, 55 नग मोबाईल फोन, 31 बैंक पास बुक, 05 चेक बुक एवं 34 नग ए.टी.एम. कार्ड जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है। गिरफ्तार सटोरियों से पूछताछ एवं विवेचना क्रम में बैंक खाता खुलवाने वालों के संबंध में जानकारी एकत्र करते हुए प्रकरण में सट्टा के पैसो के लेन-देन हेतु बैंक में खाता खुलवाने वाले आरोपी महेश ताण्डी, राहुल कुमार देवांगन एवं ई शंकर राव को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा दूसरे व्यक्तियों का खाता खुलवाना तथा खाते की किट को सट्टा संचालन करने वालों के पास भेजना बताने के साथ ही आरोपियों द्वारा अब तक लगभग 150 से अधिक खाता खुलवाना बताया गया है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना से संबंधित 06 नग मोबाईल फोन एवं 01 नग पासबुक जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

मामले में पुलिस ने महेश ताण्डी पिता तेजू ताण्डी उम्र 30 साल निवासी रमन मंदिर वार्ड थाना गंज रायपुर, राहुल कुमार देवांगन पिता ईश्वरदीन देवांगन उम्र 28 साल निवासी राधिका नगर सुपेला भिलाई जिला दुर्ग तथा ई शंकर राव पिता पी. पापाराव उम्र 27 साल निवासी नंदनी रोड खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग को गिरफ्तार किया है।

जिम में एक्सरसाईज कर रहे नाबालिग की मौत

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के भनपुरी में जिम के एक्सरसाईज कर रहे एक 17 साल के नाबालिग लड़के की मौत हो गई। मामले में खमतराई थाना पुलिस ने मर्ग कायम पर जांच में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार रायपुर के भनपुरी स्थित स्पेज जिम में बुधवार को एक्सरसाइज करते समय 17 साल के नाबालिग सत्यम राहांगडाले (17)की संदिग्ध मौत हो गई। सुबह वह रोजाना की तरह ट्रेडमिल में दौड़ रहा था। तभी वह अचानक बेहोश होकर गिर गया। इलाज के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में खमतराई पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। खमतराई पुलिस के अनुसार सत्यम राहांगडाले भनपुरी के धनलक्ष्मी नगर का रहने वाला है। फिलहाल, मौत के कारणों की जानकारी नहीं मिल सकी है। पीएम रिपोर्ट के बाद मौत की वजह का पता चल सकेगा। घटना के बाद परिजन शव लेकर मध्य प्रदेश में बालाघाट जिले के लांजी रवाना हो गए हैं। पिता सुभाष राहांगडाले मसाला कारोबारी हैं। दो लड़कों में सत्यम बड़ा लड़का था। हाल ही में उसने कृष्णा इंग्लिश मीडियम स्कूल धनलक्ष्मी नगर से 10वीं की परीक्षा पास की थी।

आयुक्त ने राजीव नगर, कौरिनभाठा में मूलभूत सुविधा का लिया जायजा

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के अधिकारी रोज सुबह सफाई एवं निर्माण कार्य का जायजा ले रहे है, इसी कडी में आज आयुक्त अभिषेक गुप्ता सुबह अधिकारियों के साथ वार्ड नं. 43 व 44 के राजीव नगर, आशीर्वाद कालोनी एवं कौरिनभाठा में मूलभूत सुविधा सफाई, पानी के अलावा निर्माण कार्य देख लोगों से रूबरू होकर अधिकारियों को व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

सबसे पहले आयुक्त श्री गुप्ता राजीव नगर एसएलआरएम सेन्टर पहुॅच हाजरी रजिस्टर की जॉच किये और स्वच्छता दीदीयों के संबंध में जानकारी लेकर प्रतिदिन कचरा संग्रहण घर में ही कचरा पृथककरण कर लेने के निर्देश दिये, उन्होंने लोगों को अलग-अलग कचरा देने समझाईस देने कहा। जिला चिकित्सालय के सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर साफ सफाई के अलावा पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखने वास बेसिन लगाने संचालक को निर्देशित किये। उन्होंने गौरवपथ रोड, कौरिनभाठा बसंतपुर रोड में डिवाईडर के किनारे साफ सफाई कर कचरा उठाने तथा बारिश के पूर्व नाला सफाई कराने के निर्देश दिये।

निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान राजीव नगर में नाला व ग्रीन हाईट के पास नाला निर्माण का जायजा लेकर कार्य में गति लाने कहा, ताकि बरसात में पानी निकासी सुचारू रूप से हो सकें। आशीर्वाद कालोनी में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण कार्य देख अन्य कार्य जल्द पूर्ण करने कहा। वार्डो में पानी की भी जॉच कर प्राप्त शिकायतों का निराकरण करें। निरीक्षण के दौरान प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, उप अभियंता अनिमेष चंद्राकार, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू, सहायक उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी, प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

पहला कॉलम...

नेशनल स्पर्धा के लिए 17 खिलाड़ी रवाना

राजनांदगांव (दावा)। गोवा में 15 से 17 मई तक आयोजित स्मॉल साइड फुटबाल नेशनल प्रतियोगिता के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों के 17 खिलाड़ियों ने अपना जौहर दिखाने राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से रवाना हुए। उक्त खिलाड़ियों में उमंग हरिहरनो, वत्सल गेंद्रे, पवन गंद्रे, ओम यदु, प्रियांशु यदु, काव्य देवांगन, भावेश जैन, भावेश साहू, कुणाल हंसा, मयंक सिंह राजपूत, श्रेयांश सिन्हा, विवेक मेश्राम, यश शेंडे, अंश सोनी, कुबेर राजपूत, रोशन सिन्हा और विवेक सिन्हा शामिल हैं। वहीं छत्तीसगढ़ टीम के कोच की भूमिका में अखिलेश मिश्रा और अंकुर सिंह शामिल होंगे।

रॉयल किड्स कान्वेंट की एकेडमिक कमेटी ने घर जाकर शाला के टॉपर्स को दी बधाइयां

राजनांदगांव (दावा)। प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. जे. बी सिंह सर द्वारा स्थापित शिक्षण संस्था लालचंद्र बहादुर एजुकेशनल सोसाइटी की अकादमिक कोर कमेटी अभिषेक खंडेलवाल, गोपाल साहू, श्रीमती एकता खंडेलवाल, श्रीमती ममता मिश्रा श्रीमती सुषमा शुक्ला, श्रीमती अपर्णा वर्मा ने बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु व्यक्तिगत रूप से घर जाकर प्रतिभावान विद्यार्थी अथर्व बोमले, राजहंस बाफना एवं अनन्या गुप्ता को बुके देकर, मिठाई खिलाई, बधाई दी और अभिभावकों से उनके भविष्य के बारे में चर्चा की।

सेवानिवृत्त शिक्षक व जेंट्स क्लब के आजीवन सदस्य हिरेंद्र दास वैष्णव का निधन

डोंगरगांव (दावा)। नगर के सेवानिवृत शिक्षक हिरेंद्र दास वैष्णव 83 वर्ष आयु में निधन हो गया है। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे। वे नगर के गणमान्य नागरिक तथा जेंट्स क्लब डोंगरगांव के आजीवन सदस्य भी थे। उनके शिक्षकीय कार्यकाल में नगर के बहुत से लोगों ज्ञान अर्जन किया है। उन्हें जेंट्स क्लब की ओर से हीरालाल ढोमने ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री वैष्णव अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी, परिजन व शिक्षक साथी सम्मिलित हुए। अंतिम संस्कार पश्चात क्षेत्रीय विधायक एवं सत्यनारायण गांधी ने शोक श्रद्धांजलि व्यक्त किया और उपस्थित सभी आगंतुकों ने मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की.

अवैध शराब के तहत कुल 8 प्रकरणों में 8 आरोपी गिरफ्तार

आरोपियों के कब्जे से देशी प्लेन 170 पौवा व साढ़े 4 लीटर महुआ शराब जप्त

राजनांदगांव (दावा)। शहर की सिटी कोतवाली थाना व सोमनी सहित घुमका, बागनदी, ओ.पी. मोहारा पुलिस द्वारा अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 170 पौवा देशी प्लेन शराब व साढ़े 4 लीटर महुआ शराब जब्त किया है।

बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिये तथा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके तहत बुधवार 15 मई को सोमनी पुलिस द्वारा 34(1) के 03 प्रकरण में 03 आरोपी के कब्जे से 52 पौवा देशी शराब कीमती 4680 रूपये, कोतवाली पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी शराब कीमत 2828 रूपये एवं 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से 18 पौवा देशी शराब कीमत 1620 रूपये, थाना घुमका पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से 43 पौवा देशी शराब कीमत 7160 रूपये, ओ.पी. मोहारा पुलिस द्वारा 34(1) के 04 प्रकरण में 04 आरोपी के कब्जे से 75 पौवा देशी शराब कीमत 6750 रूपये, थाना बागनदी पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से साढ़े 04 लीटर महुआ शराब कीमती 6750 रूपये जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध किये हैं। इस प्रकार जिले में आज 15 मई को कुल 8 प्रकरणों में 8 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों के कब्जे से 170 पौवा देशी प्लेन शराब एवं कच्ची महुआ शराब साढ़े 04 लीटर कुल कीमती 18,938 रूपये जप्त किया गया।

गंडई के निर्माणाधीन हाईटेक सब्जी मंडी का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण एवं समयावधि में काम पूरा करने के दिए निर्देश

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने आज विकासखंड छुईखदान के अंतर्गत गंडई नगरीय क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने यहां निर्माणाधीन हाईटेक सब्जी मंडी, नगर पंचायत ऑफिस, प्राचीन देऊर मंदिर और पुलिस थाना का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने गंडई के कृषि उपज मंडी प्रांगण के रिक्त स्थान में बन रहे हाईटेक फल/सब्जी मंडी का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की। सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हाईटेक सब्जी मंडी के निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विकासखंड छुईखदान के विभिन्न स्थानों में बन रहे सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत चल रहे किसान कुटीर भावनों के निर्माण कार्यों का भो जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा गंडई के नगर पंचायत कार्यालय, प्राचीन देऊर मंदिर तथा गंडई पुलिस थाना भी पहुंचे। उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय परिसर में साफ-सफाई, पानी, बिजली आदि के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर छुईखदान अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रेणुका रात्रे, गंडई मंडी सचिव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

शिवनाथ नदी में मिली युवक की लाश

राजनांदगांव (दावा)। जिले के कोठगुल ग्राम से होकर दुर्ग की ओर बहने वाली शिवनाथ नदी में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि मृतक युवक दो दिनों से लापता था जिसके बाद बुधवार 15 मई को उसका शव शिवनाथ नदी एनीकट में मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बताया जाता है कि मृतक युवक दुर्ग का निवासी था उसका नाम सिद्धार्थ जैन बताया जाता है। शिवनाथ एनीकट में उसका शव मिलने पर इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। मृतक सिद्धार्थ के घर वालों ने उसके दो-दिन से घर से गायब होने की सूचना पुलिस को दी थी। बाद में दुर्ग के शिवनाथ नदी के मोहारा स्थित एनीकट में उक्त युवक के शव मिलने पर लोगों को जानकारी हुई व इसकी सूचना पुलिस को मिलने पर मामले की जांच में पुलिस जुट गई है।

बसंतपुर वीआईपी रोड में चोरी

चार्टेड एकाउंटेंट के आफिस से नगदी व सोने के सिक्के पार

राजनांदगांव (दावा)। शहर के बसंतपुर इलाके के वीआईपी रोड में एक चार्टेड एकाउंटेंट के आफिस में धावा बोलकर चोरो ने लाखों रूपए के सोने व नगदी रकम पार कर दी। घटना के सम्बंध में पुलिस जांच करने जुट गई है। गत दिनों हुई उक्त घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि वीआईपी रोड बसंतपुर क्षेत्र में स्थित संदेश गोलछा के चार्टेड एकाउटेंट आफिस व घर में 11 एवं 12 की दरमियानी रात चोरों ने धावा बोला है और आफिस में रखे 3 लाख रूपए नगद एवं 2 लाख रूपए के सोने के सिक्के पार कर दिए।

मिली जानकारी के अनुसार 11 मई को रोज की तरह चार्टेड एकाउटेंट के स्टाफ ने आफिस बंद कर दिया। अगले दिन रविवार होने के कारण आफिस बंद रहा। सोमवार को आफिस खोले जाने पर चोरी होने की जानकारी मिली। कार्यालय के अन्दर जाकर देखा तो वेंटिलेशन का कांच टूट कर बिखरा हुआ पाया। आफिस स्टाफ ने इसकी जानकारी सीए को दी। आफिस के अन्दर जांच करने पर दो लाख 97 हजार के रकम गायब थे। वही आलमारी में रखे 10-10 ग्राम के तीन सिक्के समेत कुल 36 ग्राम सोने के सिक्के की भी चोरी हो गई थी। चार्टेड एकाउंटेंट के चाचा मनीष गोलछा की शिकायत पर बसंतपुर पुलिस मामला दर्ज की है और चोरो की पतासाजी करने सरगर्मी से जुट गई है।

सर्वेश्वरदास विद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ

पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची का प्रकाशन आज

राजनांदगांव (दावा)। सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए विद्यार्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश के लिए 10 मई तक आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसके अनुसार 16 मई को पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची संस्था के सूचना पटल पर चस्पा कर दी जाएगी। सूची के संबंध में आवेदक व पालक 16 से 18 मई तक संस्था के कार्यालय में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत 20 मई को कक्षा 11वीं व 12वीं तीनों संकाय के लिए बच्चों का चयन लॉटरी के माध्यम से जिला स्तरीय गठित समिति के समक्ष किया जाएगा। कक्षा 11वीं गणित में कुल रिक्त सीट 26, कुल प्राप्त आवेदन 14, कुल पात्र आवेदन 14 है। इसी प्रकार कक्षा 11वीं बायो में कुल रिक्त सीट 28, कुल प्राप्त आवेदन 27, कुल पात्र आवेदन 23 एवं अपात्र आवेदन 4 है। दोनों संकायों में सीटों के विरूद्ध कम आवेदन प्राप्त होने पर लॉटरी नहीं निकाली जाएगी। चयन सूची लॉटरी वाले दिन ही चस्पा की जाएगी। 11वीं कामर्स में एक रिक्त सीट बालिका प्राथमिकता के कारण कुल प्राप्त 33 आवेदन में से 8 पात्र बालिका में से ही एक का लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा। इसी तरह कक्षा 12वीं गणित में कुल रिक्त सीट 18, कुल प्राप्त आवेदन 3, कुल पात्र आवेदन 3 है। कक्षा 12वीं गणित में सभी पात्र की चयन सूची लॉटरी वाले दिन ही चस्पा की जाएगी। कक्षा 12वीं बायो कुल रिक्त सीट 3, कुल प्राप्त आवेदन 8, कुल पात्र आवेदन 6, अपात्र आवेदन 2 है। इस प्रकार कक्षा 11वीं कामर्स एवं 12वी बायो में 20 मई को लॉटरी के माध्यम से बच्चों का चयन किया जाएगा। एडमिशन की अन्य प्रक्रिया 21 मई से प्रारंभ होगी।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रवेश चयन परीक्षा 18 मई को

राजनांदगांव (दावा)। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों शिक्षा सत्र 2024-25 के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश चयन परीक्षा शनिवार 18 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी।

जिले के 5 परीक्षा केन्द्रों में शामिल होंगे 843 विद्यार्थी

राजनांदगांव जिले में प्रवेश चयन परीक्षा के लिए 5 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें 843 परीक्षणार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेन्ड्री राजनांदगांव में रोल नंबर 1511001 से 1511200 तक कुल 200 विद्यार्थी, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में रोल नंबर 1512001 से 1512220 तक कुल 220 विद्यार्थी, जेएमजे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में रोल नंबर 1513001 से 1513104 तक कुल 104 विद्यार्थी, गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में रोल नंबर 1514001 से 1514104 तक कुल 104 विद्यार्थी तथा गुरूनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में रोल नंबर 1515001 से 1515215 तक तक कुल 215 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा के आधे घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

प्रवेश चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए जिन विद्यार्थियों के आवेदन स्वीकार किए गए हैं, वह विद्यार्थी एकलव्य विद्यालय के वेबसाईट http://eklavya-cg-nic-in से आवेदन क्रमांक एवं ऑनलाईन आवेदन में अंकित मोबाईल नंबर की सहायता से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। जिन विद्यार्थियों का फार्म स्वीकार नहीं किया गया है, वह आवेदन क्रमांक एवं ऑनलाईन आवेदन में अंकित मोबाईल नंबर की सहायता से आवेदन स्वीकार नहीं होने का कारण की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश चयन परीक्षा के लिए पात्र विद्यार्थी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री राजनांदगांव, कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव, कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

धुरउ यादव का निधन

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम भेड़ीकला निवासी धुरउ यादव पिता स्व. खेदू राम यादव का आकस्मिक निधन 15 मई को हो गया है, ग्राम भेड़ीकला के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम संस्कार मे बड़ी संख्या मे स्वजन एवं ग्रामवासी उपस्थित हुए। सरपंच कृष्णा साहू सहित ग्रामीणों जनो ने मृत आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर भगवान से प्रार्थना कर शोकाकुल परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

बेचना है

5 डिसमिल डौंडीलोहारा में राजनांदगांव-दल्लीराजहरा मेन रोड़ में डबल मंजिला मकान दुकान सहित

-: संपर्क करें :-
मो. -78980-81602

शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-3-7
347-4 249-5

राजधानी
2-4-7
125-8 190-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

गुम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि दो जमीन ग्राम लाठगांव (रिष्ठी) तहसील हिंगणा जिला नागपुर (महाराष्ट्र) स्थित के मूल रजिस्ट्री पेपर का सिरियल नं. व खसरा नं. 5255 (P), 45/3, 5254 (P) 57/3 जो कि राजकुमार गुप्ता के नाम पर नागपुर ग्रामीण के सब रजिस्ट्रार के कार्यालय में पंजीकृत है। उक्त दोनों पंजीकृत पेपर पुराना बस स्टैण्ड राजनांदगांव में दिनांक 20/02/2024 को कही गुम हो गया हैं। काफी खोजबीन करने के पश्चात भी कहीं नहीं मिला। अत: उक्त दोनों जमीन के मूल रजिस्ट्री पेपर जिस किसी सज्जन को मिला हो नीचे लिखे मोबाईल नं. पर सूचित करें।

संपर्क करें-
90091-77773
99933-37739

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में

शानदार भीड़ भरा चौथा सप्ताह रोजाना 4 खेल

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत

बी.ए. फाईनल ईयर

छत्तीसगढ़ी भाषा में

कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

पूर्व सीएम भूपेश बघेल बोले- देश का प्रधानमंत्री चुनने जा रहे हैं रायबरेली के लोग

रायपुर। कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायबरेली लोकसभा सीट के लिए मतदान से पहले बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि रायबरेली के लोग सिर्फ लोकसभा सदस्य नहीं चुन रहे हैं, बल्कि स्वर्गीय इंदिरा गांधी के बाद अब रायबरेली के लोग देश का प्रधानमंत्री चुनने जा रहे हैं। रायबरेली के लोग सिर्फ़ लोकसभा सदस्य नहीं चुन रहे हैं, बल्कि स्व. इंदिरा गांधी जी के बाद अब रायबरेली के लोग देश का प्रधानमंत्री चुनने जा रहे हैं.

उल्लेखनीय है कि भूपेश बघेल इन दिनों रायबरेली लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। रायबरेली सीट से कांग्रेस ने राहुल गांधी को चुनावी मैदान में उतारा है।

भूपेश बघेल ने रायबरेली लोकसभा के ग्राम देदौर, सातों में आम लोगों से संवाद कर उन्हें कांग्रेस के न्याय पत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रायबरेली की जनता का आशीर्वाद सदैव हमें मिला है और लोकतंत्र को बचाने की इस अहम लड़ाई में रायबरेली की जनता दोगुने उत्साह के साथ हमारा साथ दे रही है।

बघेल के अनुसार देश भर में मतदान को लेकर जनता में अंडर करेंट चल रहा है, मोदी सरकार इस अंडर करंट से बेहद घबराई हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार समझ चुकी है कि जनता का आशीर्वाद अब कांग्रेस के साथ है, कांग्रेस का न्याय भाजपा के अहंकार को हराने जा रहा है।

गुजरात में बड़ा हादसा, नर्मदा नदी में नहाने उतरे एक ही परिवार के सात लोग डूबे, एक की लाश बरामद

गांधीनगर (आरएनएस)। गुजरात के पोइचा से दर्दनाक खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार नर्मदा नदी में नहाने गए एक ही परिवार के सात लोग डूब गए है। इस घटना के बाद एनडीआरएफ और वडोदरा दमकल की टीम लोगों को खोजने की कोशिश में जुटी है।

बताया गया है कि यह लोग नर्मदा नदी में तैराकी करने आए थे। हालांकि, यहां तेज बहाव में सातों लोग डूब गए। पुलिस ने बताया कि ये सभी सूरत के एक ग्रुप का हिस्सा थे, जो पोइचा आए थे। बता दें कि पोइचा नर्मदा नदी में तैराकी के लिए एक मशहूर ग्रीष्मकालीन पिननिक स्थल है। हाल ही में नर्मदा जिला प्रशासन ने स्थानीय नाव संचालकों को बिना लाइसेंस नाव न चलाने के निर्देश दिए थे।

वडोदरा एनडीआरएफ इंस्पेक्टर आशुतोष श्रीमल ने कहा, एनडीआरएफ और दमकल की टीम यहां मौजूद हैं। आज सुबह आठ बजे एक शव मिला। दो नाव के जरिए बचाव अभियान चलाया जा रहा है। बाकि के छह शवों की तलाश जारी है।

केरल में समय से पहले दस्तक देगा मानसून, अलर्ट जारी

नई दिल्ली। इस बार मानसून समय से पहले पहुंच सकता है। केरल में दक्षिण पश्चिम मानसून इस बार 31 मई को पहुंच सकता है। आमतौर पर राज्य में मानसून एक जून को आता है। इस बात की जानकारी भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को दी। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ओर से कहा गया है, 'इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल में 31 मई को दस्तक दे सकता है।'

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को कहा कि इस साल, दक्षिण-पश्चिम मानसून चार दिनों की मॉडल त्रुटि के साथ 31 मई को केरल में पहुंचने की संभावना है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बुधवार को बताया कि यह जल्दी नहीं है। यह सामान्य तारीख के करीब है क्योंकि केरल में मानसून की शुरुआत की सामान्य तारीख 1 जून है।

जून और जुलाई कृषि के लिए सबसे महत्वपूर्ण मानसूनी महीने

पिछले महीने, आईएमडी ने जून से सितंबर तक चलने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून मौसम के दौरान सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान जताया था। जून और जुलाई को कृषि के लिए सबसे महत्वपूर्ण मानसूनी महीने माना जाता है क्योंकि इस अवधि में खरीफ फसल की अधिकांश बुआई होती है।

जिला पंचायत सीईओ ने मिशन जल रक्षा 2.0 के संबंध में ली बैठक

० भू-जल स्तर में वृद्धि के लिए कार्ययोजना पर की गई विस्तृत चर्चा

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के सभी तकनीकी सहायकों की बैठक लेकर मिशन जल रक्षा 2.0 के संबंध में विस्तृत समीक्षा की।

जिला पंचायत सीईओ द्वारा ग्राम पंचायतों में भू-जल स्तर में वृद्धि के लिए कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में घटते जल स्तर पर विशेष ध्यान देते हुए शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर प्रत्येक ग्राम पंचायत का भू-जल संवर्धन मैप तैयार किया गया तथा अब तक किये गये कार्यों एवं भविष्य में किये जाने वाले कार्यों को प्रस्तावित कर भू-जल संरक्षण कार्ययोजना तैयार की गई। जिले में घटते भू-जल स्तर पर विशेष ध्यान देते हुए ग्राम पंचायतों में भू-जल संरक्षण कार्ययोजना के तहत वर्षा के जल को गांव में रोकने तथा भू-जल को वृद्धि के लिए संरचनाएं प्रस्तावित की जा रही है। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम पानी की समस्या तथा जीआईएस सर्वे के आधार पर लिनियामेंट फैक्चर जोन चिन्हांकित वाले ग्राम पंचायतों में मिनी परकोलेशन टैंक, स्ट्रैगर ट्रेंच तथा नालों में एलबीसीडी गैबियन जैसी संरचनाएं निर्मित कर अधिक से अधिक जल को भूमि के रिचार्ज करने का प्रयास किया जा रहा है।

जुड़वा भाई-बहन का कमाल

सीबीएसई 12 वीं बोर्ड में दोनों के 91 फीसदी

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षक दंपत्ति के सुपुत्र जुड़वा भाई-बहन ने सीबीएसई 12 वीं बोर्ड परीक्षा में कमाल कर दिया है। दोनों ने 12 वीं में 91 फीसदी अंक अर्जित कर वाइडनर स्कूल के साथ ही देवांगन परिवार को गौरवान्वित किया है।

शहर के दीनदयाल नगर (चिखली) निवासी महेन्द्र देवांगन (व्याख्याता, बोरी हाईस्कूल) एवं प्रीती देवांगन (शिक्षिका, खपरीकला) के पुत्र आदित्य देवांगन व पुत्री अदिती देवांगन हैं। दोनों जुड़वा हैं। दोनों वाइडनर मेमोरियल स्कूल में अध्ययनरत रहे। 12वीं के विज्ञान संकाय से आदित्य ने 91.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए जबकि अदिती ने गणित संकाय से 90.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए। आदित्य को इंग्लिश में 95, फिजिक्स में 81, केमेस्ट्री में 95, बायो में 87 अंक मिले। अदिति को इंग्लिश में 90, गणित में 94, फिजिक्स में 84, केमेस्ट्री में 94 अंक अर्जित किए। 10वीं बोर्ड में भी दोनों भाई-बहन ने शानदार सफलता अर्जित की थी। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरूजनों को दिया। आदित्य भविष्य में इंजीनियर बनना चाहता है। जबकि अदिती का सपना डॉक्टर बनने का है।

अदिती डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करना चाहती है। उन्होंने तैयारी भी शुरु कर दी है। वाइडनर स्कूल के प्रिंसिपल एवं शिक्षकों के अलावा देवांगन समाज के अध्यक्ष दयावान देवांगन व गिरधर देवांगन, टिकेन्द्र साहू व सुरेश साहू आदि ने इस शानदार उपलब्धि के लिए आदित्य व अदिती को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

गुंजन देवांगन की उपलब्धि

बालभारती पब्लिक स्कूल की छात्रा कु. गुंजन देवांगन ने सीजी 12वीं बोर्ड में 90 फीसदी अंक अर्जित कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। बोरी निवासी युवा व्यवसायी हुकुमचंद-सोहद्रा की सुपुत्री गुंजन प्रारंभ से मेधावी रही। पूर्व सरपंच एवं दादा जी ठाकुरराम देवांगन ने इस उपलब्धि पर गुंजन को बधाई दी है।

हज्जे बैतुल्लाह जाने वाले जायरीनों का हुआ टीकाकरण

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी की सदस्य डॉ. श्रीमती रूबीना अल्वी ने आज जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि, छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के तत्वाधान मे होटल एबीस ग्रीन राजनांदगांव में सन् 2024 में राज्य से द्वितीय चरण में मुंबई एवं नागपुर एम्बार्केशन पॉइंट से जाने वाले आमीने हज का टीकाकरण कराया गया। जिसमे हज यात्रियों को स्वास्थ्य सम्बंधित सावधानियों से भी अवगत कराया गया। शिविर में राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़ छुईखदान, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद के कुल 235 हज यात्रियों का टीकाकरण संपन्न हुआ। शिविर में मुख्य रूप से मोहम्मद असलम खान, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी, डॉ. श्रीमती रूबीना अल्वी, सदस्य, छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी, शाहिद भाई, अंजुम अल्वी, हाजी रज्जाक बड़गुजर,उपस्थित रहे। हज यात्रियों के टीकाकरण का कार्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.आर. नवरत्न एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बी एल तुलसी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा दल द्वारा किया गया।

एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर राजनीति विज्ञान की छात्राओं की भावभीनी विदाइ

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय की द्वितीय सेमेस्टर राजनीति विज्ञान की छात्राओं द्वारा एम.ए.चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं के विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा का स्वागत पुष्प गुच्छ द्वारा द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कु.हीना ने किया।

राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष सुश्री आबेदा बेगम का स्वागत द्वितीय सेमेस्टर की कु.खुशबू तथा अतिथि व्याख्याता डॉ. दुर्गा शर्मा का स्वागत कु. दामेश्वरी ने और जनभागीदारी शिक्षक सुश्री हर्षा कुशवाहा का स्वागत कु. नम्रता राणा ने किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं से कहा कि आप दृढ़ कदमों से चल कर अपनी मंजिल की ऊचाईयों को तय कर कामयाबी हासिल करें। आपने छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष सुश्री आबेदा बेगम ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज एक खास अवसर है यहां एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की राजनीति विज्ञान छात्राएं विदाई लेने उपस्थित हुई। इस अद्भुत कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर राजनीति विज्ञान की छात्राओं के प्रयास की सराहना की और चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं से कहा कि आप नया भविष्य गढ़ने जा रही है। आपने अपने टीचर्स से जो सीखा है उसे अपने जीवन में उतारना। आप जिस नये पथ पर बढ़ रही है उसमें आपको कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। आप सैद्धांतिक शिक्षा के साथ व्यवहारिकता को अपने जीवन में शामिल करें। मेरी शुभकामनाएं है कि आप दृढ़ संकल्प, बुद्धिमत्ता, धैर्य और साहस के साथ उन्नति के शिखर पर पहुंचे।

अतिथि व्याख्याता डॉ. दुर्गा शर्मा ने अपने उद्बोधन में चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं को निरन्तर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और जीवन में अच्छा स्थान हासिल करने के लिए कर्मठता से कार्य करने के लिए कहा। जनभागीदारी शिक्षक कु.हर्षा कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में एक उदाहरण द्वारा छात्राओं को स्वयं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कु. कविता ने किया ।

चार धाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन बंद, यात्रा पर जाने से पहले जरूर पढ़ लें ये खबर



नई दिल्ली (आरएनएस)। चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अगर आप भी चारधाम यात्रा पर जाने का सोच रहे हैं, तो ये खबर जरूर पढ़ लें। नहीं तो आपको भारी परेशानी झेलनी पड़ सकती है। उत्तराखंड में बढ़ती भीड़ को देखते हुए दो दिन ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद कर दी गई है। बता दें कि ये रजिस्ट्रेशन हरिद्वार और ऋषिकेश में हो रहे थे।

दरअसल, भीड़ और उसकी वजह से हो रही अव्यवस्था के चलते श्रद्धालुओं को रास्ते में जगह-जगह रोक दिया गया है। हरिद्वार और ऋषिकेश सेंटर में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 15 और 16 मई को बंद कर दिया गया है। इन सेंटरों पर सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक रजिस्ट्रेशन किए जा रहे थे, हरिद्वार में ऋषि कुल ग्राउंड में निशुल्क रजिस्ट्रेशन सेंटर बनाया गया है। मगर अब रजिस्ट्रेशन नहीं होने के चलते गेट को बंद करके वहां पर पुलिस बल तैनात किया गया है। गेट पर नोटिस लगा दिए गए है कि 2 दिन के लिए रजिस्ट्रेशन बंद हैं। हालांकि यात्री रजिस्ट्रेशन कराने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं, जिनको पुलिसकर्मी रजिस्ट्रेशन नहीं होने की सूचना देकर वापस भेज रहे हैं। हालांकि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लगातार हो रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक करीब 22 घंटों तक श्रद्धालु जाम में फंसे रहे। स्थानीय प्रशासन भी लोगों से रुक-रुककर आगे बढ़ने की अपील कर रहा है। यमुनोत्री और गंगोत्री में बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री पहुंच रहे हैं जिस कारण न तो सड़क पर चलने की जगह है और न ही पैदल मार्ग में जगह है। सरकारी इंतजाम नकाफी हैं, हालांकि उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज का कहना है कि भीड़ स्थानीय लोगों के कारण हो रही है। पहाड़ी राज्य की सड़कों पर हर तरफ गाड़ियों की लंबी कतारें नजर आ रही हैं। गंगोत्री हो या यमुनोत्री, हर जगह ट्रैफिक जाम लगा हुआ है।

राउज एवेन्यू कोर्ट से मनीष सिसोदिया को नहीं मिली राहत, न्यायिक हिरासत बढ़ी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत अगली तारीख तक के लिए बढ़ा दी गई है। बता दें कि दिल्ली शराब नीति मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई के मामले में आरोप पर बहस को 30 मई के लिए स्थगित कर दिया है। मनीष सिसोदिया और हिरासत में बंद अन्य आरोपियों की जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई थी। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट से कहा था कि वह दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में आप को आरोपी बनाएगा। धनशोधन मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए ईडी ने यह बात कही थी। ईडी के वकील ने न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा के सामने कहा, 'मामले में दायर की जाने वाली अगली अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) में आप को एक सह-आरोपी बनाया जाएगा।' हाई कोर्ट, ईडी और सीबीआई द्वारा दर्ज क्रमशः धनशोधन और भ्रष्टाचार मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर दलीलें सुन रहा था।

कोचियों को संरक्षण देना बंद करें आबकारी विभाग - शमसुल आलम

राजनांदगांव (दावा)। जोगी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शमसुल आलम ने कोचियों को संरक्षण दे रहे तथा शराब को एमआरपी से अधिक दाम पर शराब बेचवा रहे अधिकारियों पर कार्यवाही करने मुख्यमंत्री, संभाग आयुक्त तथा जिलाधीश के नाम तहसीलदार मनीष वर्मा को विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा है।

शमसुल ने बताया कि जोगी कांग्रेस ने एक टीम गठित कर शराब भट्टियों पर जांच करने पहुंचे जिसमें शराब दुकान में शराब को एमआरपी से 20 रुपए अधिक मूल्य पर बेच रहा था, पूछने पर नया रेट है बोला, ये 20-30 रुपए आबकारी के अधिकारियों कर्मचारियों के जेब में जा रहा है ऐसे में महीने में लाखों करोड़ों की अवैध आसामी हो जा रही है, भाजपा सरकार द्वारा ही 15 साल के शासन काल में दारू भट्टियों का सरकारीकरण किया गया था और जब विपक्ष में गए तो भाजपा नेता शराब बंदी की बात करते थे आज इन्होंने चखना सेंटर आहता का भी सरकारीकरण कर दिया है जो इनकी मंशा से साफ झलकता है की ये शराबबंदी चाहते ही नही थे साथ ही साथ शमसुल आलम ने आबकारी अधिकारी यदुनंदन राठौर और आबकारी कंट्रोल रूप की मैडम श्रीमती देवांगन पर निशाना साधते हुए इन पर भी कोचियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है खुले आम कोचिए मोहारा भट्ठी से बोरी भर-भर कर दारू ले जा रहे है। सूत्रों से पता चला है की कमिशन शाम को भट्ठी से ऑफिस का आदमी आकर ले जाता है, भट्ठी में कार्यरत कर्मचारियों से रंजीत गुप्ता नामक व्यक्ति द्वारा खुद को लोकेशन आफिसर बताकर पैसे की मांग कर अवैध वसूली की जाती है, जल्द ही जांच कार्यवाही नही की तो जोगी कांग्रेस उग्र प्रदर्शन करेगी। तहसीलदार मनीष वर्मा ने जल्द ही कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शमसुल आलम के साथ युवा अध्यक्ष बिलाल सोलिन खान, जिला महासचिव नमन पटेल, जिला सचिव टिकेश नेताम, मिथुन बघेल वरिष्ठ महिला शकुंतला साहू आदि बड़ी संख्या में वार्ड की महिलाएं उपस्थित रही।

होर्डिंग्स स्ट्रक्चर की जॉच करने आयुक्त ने किया दल का गठन

एजेंसियों से भी स्ट्रक्चर रिपोर्ट मांगा

राजनांदगांव (दावा)। निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न एजेन्सियों द्वारा निजी स्थलों के भवन के ऊपर एवं दीवाल में तथा शासकीय भवनों के उपर लगाये गये होर्डिंग्स की सक्षमता एवं स्ट्रक्चर की मजबूती की जॉच करने निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने अधिकारियों का दल गठित किया है। दल के नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके एवं सहायक नोडल अधिकारी दिलीप मरकाम रहेगे तथा दल के सहायक उप अभियंता दीपक महला, अशोक देवांगन व अनूप पाण्डे होगे। गठित दल के अधिकारी निगम सीमांतर्गत लगे होर्डिंग्स बोर्ड के स्ट्रक्चर की मजबूती की जॉच करेंगे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने एजेंसियों को भी स्ट्रक्चर रिपोर्ट नगर निगम में प्रस्तुत करने कहा है। जॉच में यदि होर्डिंग्स आंधी तुफान में निकल सकते है, उसे सुधारने की जिम्मेदारी एजेंसी संचालक की होगी। ऐसा नहीं करने पर निगम प्रावधानों के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने एजेंसियों से कहा है कि होर्डिंग्स की स्ट्रक्चर की जॉच करवाकर 7 दिवस के भीतर निगम में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके अलावा गठित दल द्वारा जॉच उपरांत मजबूती नही पाये जाने पर उक्त विज्ञापन बोर्ड हटाने की कार्यवाही की जावेगी, जिसके सम्पूर्ण क्षति एवं हर्जे-खर्च की जवाबदारी संबंधित की होगी।

स्मृति शेषः स्व. केजू राम सिन्हा की आज दशगात्र

चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र के संस्थापक सदस्यों में थे

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संस्था चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र राजनांदगांव के संस्थापक सदस्यों में से प्रमुख रूप से रहे केजूराम सिन्हा आज से 40 वर्ष पूर्व स्थापित संस्था में जमीनी स्तर पर जुड़कर हर छोटे-बड़े कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र को आज राष्ट्रीय स्तर की पहचान दिलाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बिना किसी नाम एवं पहचान के निचले स्तर के एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में सभी कार्य योजनाओं को वह वटवृक्ष की भाँति अपनी सेवाएं देते रहे हैं।

जब राजनांदगांव में पहली बार विश्वविख्यात पदम्मविभूषण पं. बिरजू महाराज का राजनांदगांव में लाने के लिए उन्होंने पूरा सहयोग किये और पं. बिरजू महाराज लगातार चार बार राजनांदगांव आकर अखिल भारतीय कत्थक नृत्य कार्यशाला लेकर छत्तीसगढ़ के इतिहास में सबसे अधिक समय दे कर संस्कारधानी राजनांदगांव का मान बढ़ाया। इसके साथ ही राष्ट्रीय सप्तरंग समारोह और राष्ट्रीय कत्थक उत्सव पांच दिवसीय आयोजन कत्थक नृत्य का राष्ट्रीय संस्थान कत्थक के केन्द्र नई दिल्ली कर कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के साथ राजनांदगांव जिले के पक्ष में इतिहास में दर्ज हुआ।

स्व. केजू राम सिन्हा पेशे से कृषक एवं सामाजिक व्यक्तित्व रहे हैं। उन्होंने हर छोटे बड़े लोगों की सदैव हर संभव मदद सहयोग करने में हमेशा आगे रहे हैं। उनका जन्म दुर्ग जिला के ग्राम थनौद में पंद्रह दिसम्बर 1937 में हुआ था और 07 मई 2024 को 87 वर्ष की उम्र में गोलोक गमन किये। आज 16 मई 2024 को स्व. केजूराम सिन्हा की दशकर्म कार्यक्रम रखा गया है, वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये है। चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र राजनांदगांव परिवार एवं सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक संस्थायें बुद्धिजीवी कलाकार एवं थनौद ग्रामवासियों अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करता है। उपरोक्त जानकारी चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र के सचिव डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा ने दी।

अनमोल दावा

> झूठ किसी भी संबंध का अंत करने में अहम भूमिका निभाता है क्योंकि सच आज नहीं तो कल सामने आ ही जाता है।

महानगरों में बिलबोर्डों का गिरना और लोगों की जान की कीमत, लापरवाही दर लापरवाही पर लगाम नहीं

हैरानी की बात यह है कि मुंबई में एक मुख्य जगह पर लगे इस होर्डिंग को बाद में अवैध बताया गया, जिसे लगाने के लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई थी। मुंबई में सोमवार को आई तेज आंधी और बेमौसम बारिश के दौरान कई लोगों की मौत को किसी हादसे की तरह ही देखा जाएगा। मगर सच यह है कि इसके पीछे संबंधित महकमों की बहुस्तरीय लापरवाही मुख्य वजह है। विडंबना यह है कि ऐसे हादसों की वजहें जगजाहिर होती हैं, मगर उसकी ओर से आंखें मूंद ली जाती हैं और मामला जब तूल पकड़ लेता है तब अफसरों की नींद खुलती है। वरना क्या वजह है कि जहां बारिश-तूफान से बचने के लिए या किसी अन्य मौके पर काफी लोग इकट्ठा हो सकते हैं, वहां ऐसे विशाल होर्डिंग लगाने की छूट दी जाए, जो तेज आंधी में गिर जा सकता था।

गौरतलब है कि मुंबई में धूलभरी आंधी के दौरान घाटकोपर में एक पेट्रोल पंप के पास खड़ा सौ फुट से ज्यादा लंबा बिलबोर्ड गिर गया। वहीं खड़े सौ से ज्यादा लोग उसकी चपेट में आ गए, जिनमें चौदह लोगों की मौत हो गई और चौहत्तर घायल हो गए। प्रथम दृष्टया इस हादसे की वजह तेज आंधी को कहा जा सकता है। मगर केवल बिगड़े मौसम पर इसकी जिम्मेदारी नहीं थोपी जा सकती।

हैरानी की बात यह है कि मुंबई में एक मुख्य जगह पर लगे इस होर्डिंग को बाद में अवैध बताया गया, जिसे लगाने के लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई थी। विचित्र है कि मुंबई जैसे महानगर में, जहां किसी इलाके में फुटपाथों तक पर लगने वाली दुकानों के वैध-अवैध होने के बारे में प्रशासन को पूरी जानकारी रहती हो, वहां सौ फुट से ज्यादा ऊंचा होर्डिंग खड़ा था और उसके अवैध होने के बारे में जानकारी हादसे के बाद सामने आई।

अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के दौरे के बाद शहर में सभी होर्डिंगों के संरचनात्मक आडिट का आदेश दिया गया है, बृहन्मुंबई महानगर पालिका राजकीय रेलवे पुलिस की जमीन पर लगे बाकी सभी होर्डिंग को हटाएगी और पुलिस ने होर्डिंग के मालिक पर गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। शहरों-महानगरों में हर तरफ अवैध होर्डिंग खतरनाक तरीके से खड़े दिख जाते हैं। मगर समूचे प्रशासन के स्तर पर सक्रियता आखिर किसी हादसे और उसमें लोगों के मारे जाने के बाद ही क्यों दिखाई देती है? अगर संबंधित महकमों ने समय रहते अपनी ड्यूटी और जिम्मेदारी के प्रति ईमानदारी बरती होती तो शायद इस हादसे को रोका जा सकता था।

लोकसभा चुनाव 2024 : बंगाल में संदेशखाली कितना बड़ा चुनावी मुद्दा ?

प्रभाकर मणि तिवारी

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24-परगना ज़िले में बांग्लादेश की सीमा से सटा अनाम-सा कस्बा संदेशखाली एक बार फिर राज्य में सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बन गया है.इस मुद्दे पर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी में भी ठन गई है. प्रधानमंत्री ने रविवार को अपनी एक चुनावी रैली में तृणमूल कांग्रेस पर संदेशखाली की महिलाओं को धमकाने का आरोप लगाया तो ममता ने उन पर इस मामले में झूठ बोलने का आरोप लगा दिया.

एक के बाद एक कई वीडियो सामने आने के बाद अब संदेशखाली पर बहस और विवाद लगातार तेज़ हो रहा है.दूसरी ओर, संदेशखाली में दोनों दलों यानी भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों के बीच हिंसक झड़पों की ख़बरों के बीच भाजपा समर्थको ने संदेशखाली थाने का घेराव किया.ये लोग गांव में हुई एक डकैती में शामिल कथित टीएमसी कार्यकर्ताओं की गिरफ़्तारी और पहले गिरफ़्तार भाजपा के एक कार्यकर्ता की रिहाई की मांग कर रहे थे.रविवार को तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता के साथ कथित भाजपा समर्थकों ने मारपीट भी की. उनमें महिलाएं भी शामिल थीं.

संदेशखाली मामला इस साल की शुरुआत से ही लगातार सुर्खियों में रहा है. पहले ईडी की टीम पर हमले और उसके बाद महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न और बलात्कार और बाद में इन घटनाओं के ख़िलाफ़ महिलाओं के आंदोलन के कारण.कलकत्ता हाईकोर्ट की ओर से इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने और मुख्य अभियुक्त तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख़ और उसके दो साथियों की गिरफ़्तारी के बाद यह मामला कुछ ठंडा पड़ता नज़र आ रहा था.लेकिन हाल में आए स्टिंग वीडियो और उसके बाद कथित बलात्कार पीड़िताओं के वीडियो सामने आने के बाद बांग्लादेश की सीमा से सटा यह कस्बा एक बार फिर सुर्खियों में है.फ़र्क यह है कि पहली बार इसके सुर्खियां बटोरने के बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सांसत में थी और अब नए खुलासे के बाद संदेशखली को सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने वाली भाजपा फंसती नजर आ रही है. बीबीसी स्वतंत्र रूप से इनमें से किसी भी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है.

संदेशखाली मामले पर हाल में सामने आने वाले स्टिंग वीडियो में जिन भाजपा नेता गंगाधर कयाल को पूरे मामले को भाजपा के निर्देश पर आयोजित बताते हुए देखा गया था अब उन्होंने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है.कयाल का आरोप है कि उसकी तस्वीर का इस्तेमाल कर फर्जी वीडियो बनाया गया है. गंगाधर ने अदालत से सुरक्षा मुहैया कराने की भी मांग की है.

सबसे पहले जो स्टिंग वीडियो सामने आया था उसमें गंगाधर ये कबूल करते नजर आ रहे हैं कि यह पूरा मामला सुनियोजित था.स्थानीय महिलाओं ने पैसे लेकर तृणमूल कांग्रेस नेताओं के ख़िलाफ़ बलात्कार और यौन उत्पीड़न की फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराई थी.उस वीडियो में गंगाधर कई बार विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी का नाम लेते सुने जा सकते हैं. इस वीडियो के सामने आने के बाद भाजपा सांसत में पड़ गई थी.हालांकि पार्टी शुरू से ही उस वीडियो को फर्जी बताती रही थी. शुभेंदु का कहना था कि उसे डीप फ़ेक तकनीक के जरिए तैयार किया गया है. भाजपा ने इस मामले की सीबीआई जांच की भी मांग उठाई है. उस वीडियो के बाद शुरू हुए विवाद अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि बृहस्पतिवार को एक दूसरा वीडियो भी सामने आ गया. उसमें संदेशखाली की महिलाएं दावा करती नजर आ रही हैं कि उनसे सादे कागज पर हस्ताक्षर करा कर उसी के जरिए बलात्कार की फर्जी शिकायत दर्ज कराई गई थी.अब सामने आने वाले एक ताजा वीडियो में वीडियो में भाजपा के वही नेता गंगाधर कयाल यह कहते नजर आते हैं कि 70 से ज्यादा महिलाओं को तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए दो-दो हजार रुपये मिले थे. वे चुनाव प्रबंधन के लिए शराब के मद में पैसों और हथियारों की मांग भी करते नजर आते हैं.इस बीच, संदेशखाली कांड के सिलसिले में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता शाहजहां शेख ने भी इस मामले पर मुंह खोला है.शुक्रवार को बशीरहाट अदालत में पेश होने के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा, ÷चुनाव खत्म होने दें. अभी और सच सामने आएगा.÷इससे पहले मंगलवार को भी उन्होंने अदालत से बाहर एक सवाल पर कहा था, ÷वह वीडियो फर्जी नहीं है, ओरिजिनल है.÷

उसके बाद ही संदेशखाली की तीन महिलाओं का वीडियो सामने आया. यह तीनों महिलाएं वही हैं जिन्होंने शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार के खिलाफ बलात्कार और यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट लिखाई थी.संदेशखाली की जिस महिला नियति माइती ने बलात्कार का पहला मामला दर्ज कराया था वह एक वीडियो में कहती नजर आती है कि हमारे साथ बलात्कार वगैरह कुछ नहीं हुआ. भाजपा की स्थानीय महिला नेता पियाली दास उर्फ माम्पी ने मेरे अलावा तपती माइती और मीता माइती से सादे कागज पर हस्ताक्षर करा लिए. बाद में हमें पता चला कि हमारे नाम से बलात्कार की शिकायत दर्ज कराई गई है.

नियति बताती हैं कि उन्हें एक हफ़्ते बाद इसका पता उस समय चला जब पुलिस नोटिस लेकर उसके घर पहुंची.उसके बाद जब मैंने शिकायत वापस लेने का फैसला किया तो माम्पी ने हमें धमकियां दी और मुंह बंद रखने को कहा. माम्पी बाहरी हैं और वह संदेशखाली की वोटर भी नहीं है. उसने हमें फंसा दिया है. माम्पी ने हमारी इज्जत सरेबाजार नीलाम कर दी है. उसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए.÷

नियति का दावा है कि माम्पी और उसके लोग यह फर्जी आरोप वापस लेने के बाद हत्या की धमकियां दे रहे हैं. उसने थाने में इसकी शिकायत की है. नियति की शिकायत के बाद ही पुलिस ने माम्पी दास को पूछताछ के लिए तीन दिनों के भीतर थाने बुलाया था. लेकिन फिलहाल उसका कुछ पता नहीं चल रहा है.संदेशखाली की एक पीड़िता रेखा ने बीते बृहस्पतिवार को भाजपा उम्मीदवार के तौर पर बशीरहाट संसदीय सीट से अपना नामांकन पत्र दायर किया. लेकिन उन्होंने संदेशखाली मामले और स्टिंग वीडियो पर किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया. संदेशखाली इलाका इसी संसदीय क्षेत्र के तहत है.उनके साथ मौजूद शुभेंदु ने भी संदेशखाली के वीडियो पर किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया.उन्होंने रेखा के नामांकन पत्र दायर होने के बाद पत्रकारों से कहा, ÷दीदी और उनके भतीजे (ममता-अभिषेक) रेखा पात्रा जैसी दलित और ग़रीब परिवार की एक महिला से इतना क्यों डर रहे हैं? इससे साफ़ है कि रेखा की जीत तय है. उसकी (रेखा की) लड़ाई चोरों के साथ है.÷उन्होंने आरोप लगाया है कि तृणमूल महासचिव अभिषेक बनर्जी प्रशांत किशोर की संस्था आई-पैक के साथ मिलकर साज़िश के तहत संदेशखाली के तमाम फर्जी वीडियो को फैला रहे हैं.शुभेंदु पहले दिन से ही दावा करते रहे हैं कि स्टिंग वीडियो को डीप फेक तकनीक से बनाया गया है और वह फर्जी है.

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम 148: बरात का अयोध्या प्रवेश, भव्य राजप्रासाद में श्री राम और सीता जी की अगवानी

विचार सरिता

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

गुरु विश्वामित्र सभी से विदा लेकर प्रस्थान कर रहे हैं। अयोध्या नगर के मुख्य प्रवेश द्वार के पास ही कुछ पग चलने के बाद ऋषि विश्वामित्र जी अदृश्य हो गए। एक सच्चे गुरु की समाज और राष्ट्र के लिए यही भूमिका होती है, जब वे अपना कर्तव्य निभाने के बाद इसी तरह बिना कोई प्रतिफल की आशा लिए वापस लौट जाते हैं। भावी समय अयोध्या में उत्सव का है लेकिन गुरु विश्वामित्र जी ने अपने कर्तव्य को प्राथमिकता दी और अपने आश्रम की ओर लौट गए। गुरु विश्वामित्र के निर्देश पर श्री राम और लक्ष्मण जी की यह यात्रा इसलिए भी उल्लेखनीय रही क्योंकि इस अल्प प्रवास ने ही श्री राम को समकालीन राजनैतिक परिदृश्य पर पूरी तरह से स्थापित कर दिया है।

अब चारों राजकुमार और उनकी वधुएं युगल जोड़ी के रूप में अलग-अलग रथों पर सवार हुए।सबसे आगे वाले रथ पर श्री राम और सीता जी, उनके पश्चात श्री भरत और मांडवी जी, लक्ष्मण जी और उर्मिला जी तथा शत्रुघ्न जी और श्रुतकीर्ति जी के रथ हैं। अब राज यात्रा ने अयोध्या के मुख्य मार्ग से होकर नगर में प्रवेश किया, जहां मार्ग के दोनों और अगणित नरनारी एकत्रित हैं और हर्षनाद करते हुए श्री राम की बरात की अगवानी कर रहे हैं।यहां जनता स्वस्फूर्त रूप में एकत्र हुई है, क्योंकि वह अपने परोपकारी राजा और परोपकारी राजकुमारों का स्वेच्छा से स्वागत करना चाहती है।

उधर राजा जनक पुत्रियों की विदाई के बाद अपने आंसुओं पर नियंत्रण नहीं रख सके थे और उनकी आंखों से आंसुओं की अविरल धार बहने लगी थी। इधर राजकुमारी सीता अयोध्या के राजप्रासाद में पहुंचने वाली हैं और उधर राजा जनक और उनकी रानियां अभी भी स्तब्ध हैं। स्वयं राजा जनक रोती हुई महारानी सुनयना को ढाढस बंधाते हैं। जनक नगरी के सभी घरों की यही स्थिति है।सभी को यही अनुभूति हो रही है कि उन्होंने अपनी पुत्री को विदा कर दिया है। मिथिला में एक गहरी रिक्तता और सूनापन है, यह जानते हुए भी; कि बेटी के विवाह के बाद वह वास्तविक घर पहुंच जाती है और सुयोग्य वर देखकर उसका विवाह कर देना माता-पिता के लिए एक आत्मिक संतोष का कारण होता है। श्री राम जानकी जी के सर्वथा योग्य हैं, फिर भी एक पुत्री की विदाई की पीड़ा माता-पिता ही समझ सकते हैं।

इधर अयोध्या का दृश्य दूसरा है। राजप्रासाद के मुख्य द्वार पर माता कौशल्या, सुमित्रा और कैकेई खड़ी हैं।वे अपने पुत्रों और पुत्रवधुओं का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। सेविकाओं के हाथों में अक्षत, पुष्प, कुमकुम, दीप और अन्य पूजन सामग्रियों से युक्त थाल हैं।श्री राम और सीता जी के रथ से उतरने के पूर्व डोला परछन की रस्म हुई।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य -058

सू- दोकू क्र.058

सोशल मीडिया प्लेटफार्मो पर निगरानी की कमी

प्रियंका सौरभ

मानव तस्करी में बल, धमकी या जबरदस्ती जैसे तरीकों का उपयोग करके व्यक्तियों को परिवहन करना, भर्ती करना, स्थानांतरित करना, आश्रय देना और प्राप्त करना शामिल हैं। इन कृत्यों और साधनों का अंतिम उद्देश्य इन व्यक्तियों का शोषण के उद्देश्य से उपयोग करना है।

मानव तस्करी के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है। पश्चिम बंगाल मानव तस्करी का नया केंद्र बन कर उभरा है। भारत से पश्चिम एशिया, उत्तरी अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में मानव तस्करी होती है। दुनिया भर में मानव तस्करी के पीड़ितों में एक-तिहाई बच्चे होते हैं। एक अनुमान के अनुसार पिछले एक दशक में बांग्लादेश से लगभग 5 लाख महिलाएं, लड़कियां और बच्चे अवैध रूप से भारत में लाए गए और यह संख्या साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल आज भारत का सबसे बड़ा सेक्स बाजार बनकर उभरा है। आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं। देश भर के कोठों में देह व्यापार करने वाली जो लड़कियां रिहा कराई गई, उनमें प्रति 10 लड़कियों में से 7 उत्तरी और दक्षिणी 24 परगना से लाई जाती हैं।

समाज के सबसे कमजोर वगरे में से एक, जो तस्करी के प्रति अधिक संवेदनशील है, युवा महिलाएं हैं, और ऐसा इसलिए है क्योंकि अधिकांश समाजों में सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से महिलाओं को अवमूल्यन और अवांछित माना जाता है। उन जगहों, जहां उनका जीवन दयनीय है, से पलायन करने की इच्छा व्यक्तियों को तस्करों से संपर्क करने के लिए तैयार करती है जो शुरु आती चरणों में उन्हें बेहतर जीवन के वादे के साथ लुभाते हैं, लेकिन एक बार जब पीड़ित उनके नियंत्रण में आ जाते हैं, तो उन्हें झुकाने के लिए जबरदस्ती के उपाय लागू किए जाते हैं। अन्य कारण हैं सीमाओं की छिद्रपूर्ण प्रकृति, भ्रष्ट सरकारी अधिकारी, अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक समूहों या नेटवर्क की भागीदारी और सीमाओं को नियंत्रित करने के लिए आव्रजन और कानून प्रवर्तन अधिकारियों की सीमित क्षमता या प्रतिबद्धता। पिछले कुछ वर्षों में तस्करी का खतरा ड्रग सिंडिकेट के बराबर एक संगठित आपराधिक सिंडिकेट बन गया है। इसने पैसे और भ्रष्ट राजनेताओं की मदद से समाज में अपनी जड़ें गहरी जमा ली हैं। भारतीय कानूनी ढांचे में ठोस परिभाषाओं की कमी भी इस उद्देश्य में मदद नहीं करती है क्योंकि विभिन्न तस्कर कानूनी पण्रालियों में तकनीकी खामियों के आधार पर छूट जाते हैं। ठोस परिभाषाओं के बिना भी, कानून पर्याप्त होने चाहिए थे, लेकिन भारत में इन कानूनों के कार्यान्वयन में बहुत कुछ अधूरा रह गया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्मो पर निगरानी की कमी ने तस्करों के लिए अपना व्यापार जारी रखने के लिए एक नया मंच खोल दिया है।

तस्करी की समस्या पर डेटा अपर्याप्त हैं, इसलिए तस्करों के पैटर्न और कार्य तंत्र उतने स्पष्ट नहीं हैं, जितने होने चाहिए। यहां तक कि जब पीड़ितों को तस्करों से बरामद किया जाता है तो उनका पुनर्वास इस तरह से नहीं किया जाता कि वे दोबारा तस्करी का शिकार न हों। मानव तस्करी वर्तमान विश्व के सम्मुख उपस्थित कई बड़ी समस्याओं में से एक है। तमाम कोशिशों के बावजूद इसे रोक पाना संभव नहीं हो पा रहा है, और न केवल अल्प-विकसित तथा विकासशील देश, बल्कि विकसित राष्ट्र भी इस समस्या से अछूते नहीं हैं। मानव तस्करी भारत की भी प्रमुख समस्याओं में से एक है।

राशिफल

मेष — आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी।

वृषभ — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। आज छात्रों को अपनी पढ़ाई के प्रति और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। लापरवाही का असर आपके रिजल्ट पर पड़ सकता है। किसी मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश करें।

मिथुन — आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय जरुर लें। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा।

कर्क — आज अकारण शुरू हुई बाधाएं पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप विदेश में व्यपार करने की योजना बनाएंगे। आपकी सोशल मीडिया पर किसी से बात हो सकती है जिससे आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा।

सिंह — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज रुके हुये कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अपने सीनियर्स से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। छात्रों के लिये आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा।

कन्या — आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आएंगे।

तुला — आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक हो सकते हैं। मिलजुल कर किये गए कार्यों में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आज आप कॉन्फिडेंस के साथ एक नई शुरुआत करेंगे।

वृश्चिक — आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। किसी रिश्तेदार से चलती आ रही अनबन आज खत्म हो जाएंगी। आपको अधिक खाने-पीने से बचना चाहिए और सेहत का ध्यान रखना चाहिए।करोबार में बरकत होगी। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी।

धनु — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी विपरीत परिस्थिति में अपने धैर्य को बनाएंगे रखेंगे। आज बच्चों की किसी विशेष समस्या का हल मिलने से राहत मिलेगी। आपका मानसिक सुकून बना रहेगा। कोई धार्मिक यात्रा संबंधी प्रोग्राम भी बन सकता है। आपका मिलनसार व्यवहार आपको लोगों का प्रिय बना देगा।

मकर — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा रखें। आज आप दिन की शुरुआत में ही अपने कार्यों की प्लानिंग कर लेंगे। आज किसी खास व्यक्ति के सहयोग से आपके रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं।

कुंभ — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। इस राशि के जो लोग बेकरी के बिजनेस से जुड़े हैं उनको ज्यादा लाभ होगा।

मीन — आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज कामकाज को पूरी गंभीरता से करेंगे। घर के वरिष्ठ लोगों का सहयोग भी बना रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं से संबंधित व्यवसाय में अच्छा मुनाफा होगा। आज घर में किसी बच्चे की किलकारी संबंधी शुभ सूचना मिलने से खुशी भरा माहौल बन जाएगा।

कविता

// दहेज की बलिवेदी पर //

श्मशान भूमि में बैठे
बाप और भाई की
पथराई आँखें देखती हैं कि
उनकी बेचारी
हमेशा जलती रही
शोषण और अत्याचार के दावानल में।
आज अपने अधजले तन को
जलाने के लिए
चिता की आग को
मदद कर रही है,
क्योंकि
कोमल-निर्मल देह
अनंत इच्छाओं के संग
जल चुकी है इस बार
कैरोसीन अथवा एल पी जी
जैसे द्रव्य से
दहेज की बलिवेदी पर।
अब केवल मूक
श्मशान धरा ही
प्रत्यक्ष साक्षी है
उस असहाय को दहन
कर शवयात्री बना
मगरमच्छ के आँसू बहाने
वाला वो कौन है....?

टीकेश्वर सिन्हा
"गब्दीवाला"

अज्ञात वाहनों से दुर्घटना में मृत्यु होने पर अब मिलेगा 2 लाख रु.

खैरागढ़ (दावा)। मोटरयान अधिनियम, 1988 में संशोधन कर 1 अप्रैल 2022 से अज्ञात वाहनों से मृत्यु के मामलों में 2 लाख रु. एवं गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रु. आर्थिक सहायता राशि देने का प्रावधान किया गया है।। इसके पूर्व अज्ञात वाहन से मृत्यु होने पर 25 हजार रु. और गंभीर रूप से घायल होने पर 12500 रु. आर्थिक सहायता शासन की ओर से उपलब्ध कराया जाता था। उच्चतम न्यायालय द्वारा इस संबंध में त्वरित कार्यवाही हेतु 12 जनवरी 2024 को विस्तृत आदेश प्रसारित किया गया है। न्यायालय के आदेश एवं शासन के निर्देश के परिपालन में जिला दंडाधिकारी चंद्रकात वर्मा के निर्देश पर 1 अप्रैल 2022 से घटित हुए प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा, नए नियम के संबंध में प्रशिक्षण और आमजन में जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिला के अनुविभागीय दंडाधिकारी, पुलिस अधिकारी, तहसीलदार, जनपद पंचायत के सीईओ और नगरीय निकाय के सीएमओ की बैठक 14 मई को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभा कक्ष में रखी गई थी। बैठक में नए नियम और उच्चतम न्यायालय के आदेश की विस्तृत जानकारी दी गई। नए नियम के अनुसार अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने के 30 दिन के बाद थाना प्रभारी द्वारा पीड़ित व्यक्ति या उसके परिजन से प्रपत्र-1 में आवेदन लेकर एसडीएम के पास जमा कराया जायेगा। एसडीएम द्वारा 1 माह में जांचकर प्रपत्र-2 में जिला दंडाधिकारी को प्रतिवेदन भेजा जाएगा। जिला दंडाधिकारी द्वारा 15 दिवस में आदेश पारित कर प्रपत्र-3 में प्रस्ताव जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन, दिल्ली को भेजा जाएगा। कॉर्पोरेशन के द्वारा 15 दिवस के अंदर प्रकरण स्वीकृत कर राशि सीधे पीड़ित या उसके परिजन के खाते में अंतरित किया जायेगा। इस प्रकार घटना घटित होने के 3 माह के अंदर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना होगा। एसडीएम, तहसीलदार और थानेदारों को अब तक घटित घटनाओं का निराकरण एक माह के अंदर करने हेतु आदेशित किया गया। साथ ही सीईओ और सीएमओ को आमजन में जागरूकता लाने के लिए विशेष प्रयास कर प्रचार-प्रसार करने हेतु आदेशित किया गया।

अवैध तरीके से मुरूम की खुदाई धड़ल्ले से चल रहा सरपंच पुत्र द्वारा

टेड़ेसरा (दावा)। जनपद पंचायत राजनांदगांव ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में अवैध तरीके से मुरूम की खुदाई धड़ले से सरपंच के पुत्र के द्वारा किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के पंच अजय साहू ने बताया कि काफी समय से सरपंच का पुत्र सतीश साहू के द्वारा घोर मनमानी किया जा रहा है। पंच ने यह भी बताया कि इस दगदेवा तालाब में जबकि मनरेगा के तहत ग्रामीणों को मजदूरी करने के लिए मनरेगा के अंतर्गत कार्य सुकृत किया गया है। अवैध तरीके से खुदाई करने पर मजदूरों का पेट में लात मारने जैसा हो गया है। ग्राम पंचायत के पंचों ने बताया कि इस अवैध तरीके की खुदाई को लेकर उच्च स्तरीय जांच किया जाना चाहिए। इस अवैध उत्खनन को लेकर इसकी शिकायत जनपद में किया जाएगा। अगर अवैध तरीके से मुरूम खुदाई को लेकर खनिज माफिया का एक तरफ राज और हौसले बुलंद है।

पहला कॉलम...

एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के कैडेट्स एवं केयर टेकर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

डोंगरगढ़ (दावा)। 38 बटालियन एनसीसी के निर्देशानुसार संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 12 मई से 21 मई तक जेएलएम गायत्री विद्यापीठ, केसर नगर, राजनांदगांव में आयोजित है।

उक्त शिविर में सीनियर डिवीजन 30 और सीनियर विंग 24 कुल 54 एनसीसी कैडेट्स के साथ विभिन्न स्कूलों और कॉलेज से 500 से अधिक एनसीसी कैडेट्स उक्त 10 दिवसीय शिविर में अपनी सहभागिता दे रहे है। इस कैम्प में शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के एनसीसी कैडेट्स के साथ एनसीसी इकाई के केयर टेकर गुलशन सिन्हा भी शामिल हुए है, जहां उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन काफी सराहनीय है। उक्त शिविर हेतु महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती सहित महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

चित्रगुप्त प्राकट्य दिवस पर की गयी विशेष आरती

डोंगरगढ़ (दावा)। वैशाख मास शुक्ल पक्ष गंगा सप्तमी को कायस्थ कुल के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज के अवतरण दिवस के अवसर केदार बाड़ी में स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में स्थानीय कायस्थ जनों द्वारा विशेष पूजन व आरती की गयी।

इस दौरान कायस्थ समाज अध्यक्ष फगेन्द्र श्रीवास्तव, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, सुधा श्रीवास्तव, धर्मेंद्र गोमास्ता, संजय श्रीवास्तव, अजय निगम, कंचन निगम, राजेश श्रीवास्तव, अरूण श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, सुधांशु बख्शी, निशा बख्शी, रितेश सक्सेना, नितिन बख्शी, सीमा बख्शी, मोहन श्रीवास्तव, संजीव गोमास्ता, नित्या बख्शी, स्वधा गोमास्ता, श्रेयान बख्शी, शिवांश बख्शी, श्रेयान्वी बख्शी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जनों उपस्थित रहे।

होम्योपैथी में उत्कृष्ट सेवा के लिए डॉ. कलचुरी का नई दिल्ली में सम्मान

अनेक असाध्य रोगों से पीड़ित जनसामान्य को राहत पहुंचा रहे हैं डॉ. कलचुरी

डोंगरगढ़ (दावा)। अनेक असाध्य रोगों का होम्योपैथी पद्धति से

इलाज कर अनेक लोगों को राहत पहुंचाने वाले डॉ. कलचुरी को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यही कारण है कि होम्योपैथिक चिकित्सालय में ओपीडी की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय होमियोपैथी आयुष विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ से राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में पदस्थ डॉ. आलोक कलचुरी को उनके द्वारा जनसामान्य के लिए की जाने वाली उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

कल लॉटरी के माध्यम से होगा प्रवेश

पहली के 162 छात्रों ने दिया आवेदन

गंडई पंडरिया (दावा)। स्व. लाल मूरत सिंह खुशरो स्वामी आत्मनन्द स्कूल अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम गंडई में कक्षा पहली की कक्षा में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया कल 17 मई को होगी। लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ होगा। स्कूल मे प्रवेश के लिए कुल 162 आवेदन मिले है। विद्यालय के प्राचार्य पवन ददरिया ने बताया कि कक्षा 1ली के लिए 50 सीट रिक्त है जिसके लिए कुल 162 आवेदन प्राप्त हुये है जिसमें 128 छात्र ही प्रवेश के लिए पत्र है अपात्र छात्रों की संख्या 34 है। इसका अवलोकन विद्यालयीन समय पर किया जा सकता है। 11 मार्च को पात्र और अपात्र की सूची भी प्रकाशित की गई है और 13 मई तक दावा आपत्ति का समय भी निकल चुका है।

कलेक्टर ने की लंबित प्रकरणों की समीक्षा

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी लंबित प्रकारणों का निराकरण शीघ्र करना सुनिश्चित करें। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जन चौपाल, जन शिकायत, लोक सेवा गारंटी, कलेक्टर जनदर्शन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का निराकरण तय समयसीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट-बाजारों में फैलने वाले गंदगी व कचरा प्रबंधन के लिए स्थानीय स्तर पर ग्राम पंचायत के माध्यम से कचरा संग्रहण व प्रबंधन कार्य को

शीघ्र निराकरण करने के दिये निर्देश

प्राथमिकता से करने कहा है। कलेक्टर ने निर्माण से संबंधित विभागीय अधिकारियों से कहा कि स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण कराये। बैठक में कलेक्टर ने न्यायालयीन प्रकरणों से संबंधित दावा आपत्ति निर्धारित समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बैठक में धान खरीदी केंद्रों से धान के उठाव व कस्टम मिलिंग की जानकारी ली। आगामी खरीफ फसल को ध्यान में रखते हुए किसानों को वितरित किये जाने वाले खाद-बीज का संग्रहण एवं वितरण व्यवस्था की भी जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसानों की मांग पर पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का वितरण करना सुनिश्चित करें। सिंचाई पंप के लिए लगाए गये सोलर पैनल के प्रबंधन के साथ ही समय-समय पर आवश्यक सुधार व मरम्मत के कार्य को प्राथमिकता के साथ करने कहा गया है। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को पदेय दायित्व का निर्वहन निष्ठापूर्वक करते हुए विभागीय योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

तेजस्वी को जिले में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर छ.ग. कलार समाज ने दी बधाई

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। जिले के छत्तीसगढ़ कलार सिन्हा समाज की ओर से ग्राम गोटाटोला निवासी समाज के गौरव भाई तेजस्वी सिन्हा पिता अरुण कुमार सिन्हा के निवास में भेंटकर तेजस्वी को 10वीं बोर्ड परीक्षा में 93.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर सिन्हा समाज को गौरान्वित किया है। जिसके लिए सिन्हा समाज की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान समाज प्रमुखों में तुलाराम सिन्हा जिलाध्यक्ष, झनक सोनवानी जिला महामंत्री, भागवत प्रसाद सिन्हा जिला कोषाध्यक्ष, बहादुर राम सिन्हा मण्डलेश्वर मोहला, ताम्रध्वज सिन्हा मण्डलेश्वर अम्बागढ़ चौकी, राकेश कुमार सिन्हा क्षेत्राधिकारी गोटाटोला, जितेन्द्र कुमार सिन्हा, सुकलाल सिन्हा उपस्थित थे।

हायर सेकेंडरी स्कूल सोमाटोला में दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सोमाटोला का कक्षा दसवीं, बारहवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं एवं 12वीं में सम्मिलित सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

इस प्रकार परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में 60 विद्यार्थियों में 31 प्रथम श्रेणी एवं 29 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय स्तर पर प्रथम मनीषा 85 प्रतिशत, द्वितीय हसीना 82 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान श्वेता ने 79 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसी तरह कक्षा 12वीं में 44 में से सभी 44 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमें से 14 प्रथम श्रेणी, 28 द्वितीय श्रेणी एवं दो तृतीय श्रेणी से सफल हुए। इनमें से जोया परवीन 75 प्रतिशत जीव विज्ञान संकाय, साधना 70 प्रतिशत कॉमर्स संकाय, प्रियंका 67 प्रतिशत अंक कला संकाय में अर्जित कर अपने-अपने संकाय में प्रथम स्थान पर रहे। संस्था के विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रभारी प्राचार्य विवेक मिलिंद एवं समस्त स्टॉफ व्याख्याता पी एल सिन्हा, ढाल सिंह कवर, टीनू देवांगन, हरीश साहू, राम नारायण भुआर्य, धर्मेंद्र पटेल, सीमा यदु, नेहा साहू, त्रिदेव प्रजापति, नंदकिशोर देवांगन, रानी सोनकर, लेखापाल आर. एल.यादव ने बच्चों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पालकों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों में उत्साह है। सोमाटोला ग्राम पंचायत की सरपंच लता नेताम पालक दुरुग सिंह नेताम, मनीराम यादव, पंचराम सलामें, देवनाथ धनेंद्र, करीम बख्श, आनंद धनकर, खलील बक्स, पप्पू निषाद, संतोष भारद्वाज, प्रभुराम नेताम आदि ने बच्चों की सराहना की।

40 वी वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल कैंप में आध्यात्मिक चिंतन व तनाव बंधन कार्यक्रम आयोजित

छुईखदान (दावा)। बुरहानभाठ स्थित कैंप परिसर में दिनांक 14 मई को अनंत नारायण दत्ता सेनानी 40वी वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के कुशल नेतृत्व व अगस्टिन बा सहायक सेनानी बकॉयमें की उपस्थिति में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान की साध्वी बीके भारती भोज बीके चंद्र प्रभाव बीके खेलन राम और अन्य के द्वारा आध्यात्मिक चिंतन व तनाव बंधन पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। यह एक विशेष आयोजन होने की वजह से समस्त जवानों द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया। इस अवसर पर बल के 82 पदाधिकारी ने भाग लिया व इस दौरान राजयोग विषय पर बताई गई, विशेष बातों से हिमवीर के दैनिक जीवन के साथ-साथ सैन्य जीवन में धारण कर जीवन की हर चुनौती को सकारात्मक रूप से हल करने में बल प्राप्त होगा। यह निश्चित रूप से बलकर्मियों के लिए एक सकारात्मक पहल है। हिमवीर जो कि अपने परिवार से दूर दराज के क्षेत्र में तैनात होते हैं, इससे उनको अवश्य ही एक नई ऊर्जा का स्रोत होगा। सभी बलकर्मियों द्वारा ब्रह्मकुमारी संस्थान की टीम का हृदय से धन्यवाद किया। आयोजन की समापन की घोषणा अगस्टिन बा सहायक सेनानी ब कॉय द्वारा की व तालियों की गड़गड़ाहट से सभी खुशी-खुशी जुदा हुए।

मोबाइल में आंखें गड़ाये रहने से रोगग्रस्त हो रहे हैं लोग

डॉ. मुकेश कुमार साहू का सनसनी खेज खुलासा

राजनांदगांव (दावा)। मरीजों को चॉकलेट बांटने के लिए प्रसिद्ध है डॉ. मुकेश कुमार साहू ने मोबाइल हैंडसेट को लेकर सनसनीखेज खुलासा किया है। उन्होंने बताया की आजकल बच्चों से लेकर बूढ़ों तक मोबाइल फोन में ही नजरे गड़ाये रहते हैं जिसका दुष्प्रभाव आंखों और मस्तिष्क पर पड़ रहा है। तेज सिर दर्द के साथ चक्कर आना आंखें कमजोर होना मोबाइल के अधिक से अधिक उपयोग की वजह से है। खाते समय सोते समय और अन्य काम करते समय मोबाइल में बहुत ज्यादा व्यस्त रहना मानव स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। किसी भी चीज की अधिकता सभी जगह वर्जित है कहां भी गया है अति सर्वत्र वर्जयेते डॉ. साहू ने कहा कि मोबाइल उतना बुरा नहीं है जितना हम उसको जरूरत से ज्यादा उपयोग करते हैं मोबाइल के चक्कर में और दूसरे जरूरी काम भुल रहे हैं यह अच्छी बात नहीं है अनावश्यक रूप से मोबाइल में उलझे रहना बहुतों की आदत बन गई है। लोग आपस में बैठकर सुख दुख की बातें किया करते थे वह भी अब कम ही होती है।

डॉ मुकेश साहू ने विस्तार से अपनी बातें कहते हुए आगे बताया कि आज बच्चे से लेकर युवा वर्ग में मोबाईल का प्रचलन बहुत तेजी से बढ़ा हैं। आज के इस बिजी जिंदगी में समय काटने,बात चीत,इंटरटेनमेंट, खेलखुद, पढ़ाई लिखाई, मौज मस्ती, दुनियां भर की जानकारी हमें मोबाईल से बैठे बैठे मिल जाति हैं।मोबाइल के बिना आज के जीवन की कल्पना करना भी मुश्किल हैं। इन्ही सभी कारणों से युवा वर्ग और बच्चे मोबाइल का अंधाधुंन प्रयोग कर रहा हैं। चैट, मूवी, वेब सीरीज, ऑनलाइन क्लास, फेसबुक, व्हाट्सप्प, स्नेपचैट, इंस्टाग्राम, नए नए विडवो बनाना और देखना, दिन रात उसी में लगे हैं। स्वास्थ्य विभाग जिला राजनांदगावं के सबसे युवा, तेज- तर्रार, सटीक सेवा देने में माहिर, डॉ. मुकेश कुमार साहू, नेत्र सहायक अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र -गैंदाटोला ने बताया की यह एकप्रकार का नशा हैं, जिससे निकलना बहुत जरुरी हैं। आज लोगों में सिर दर्द,चिरचिड़ापन, घुस्सा, बेचैनी, अनिद्रा,टेंशन, मानसिक बिमारी,चक्कर आना, कमजोरी पन,आँख दर्द, कम दिखना, पढ़ने लिखने में दिक्कत आना, शाम को कम दिखाई देना, दूर और पास का नजर ख़राब होना, एक बहुत बड़ी समस्या बन गयी हैं। रोज ऐसे अनेक मरीज आते हैं। इसका प्रमुख कारण मोबाईल, टी. वी., लैपटॉप, कम्प्यूटर का उपयोग आवश्यकता से ज्यादा करना हैं। आजकल माँ बाप अपने बच्चों को छोटी उम्र में ही मोबाईल दे देते हैं। 1-10 साल के बच्चे घंटो मोबाइल से खेलता रहता हैं। मेरे पास ऐसे अनेक पालक आते हैं, और समस्या बताते हैं की बच्चा बहुत गुस्सा करता हैं, चिरचिड़ाता हैं,सिर दर्द होता हैं, आँखों से आंसू आता हैं, बच्चे को ब्लैक बोर्ड का लिखा दिख नहीं रहा हैं। छोटी उम्र में बच्चों को चश्मा लग रहा हैं। डॉ. मुकेश साहू कहते हैं की मुझे समझ नहीं आता 1 से 10 साल के बच्चों को मोबाईल क्यों देना, उनका क्या लेना देना मोबाईल से?आप अपने बच्चों को खुद बीमार कर रहे हो। इसके जिम्मेदार तो माँ बाप भी हैं।जो कितनी आसानी से अपने बच्चों के हाथो में एक नशा पकड़ा रहे हैं। कुल मिलाकर देखा जाये तो क्या बच्चे, क्या युवा और क्या बूढ़े सभी को ये समस्या हो रही हैं।देर रात जागना और मोबाईल चलाना सबसे ज्यादा खतरनाक हैं। क्योंकि लगातार एक जगह नजर टिकी रहती हैं। जिससे सबसे ज्यादा नजर ख़राब होता हैं। कोविड-19 के बाद ही पिछले 3-4 सालों में ही आँख की बिमारी और चश्मा नंबर के मरीज बढ़े हैं।इसका कारण कोविड-19 नहीं हैं।बल्कि लोग खाली पिली होने के कारण मोबाइल, टी. वी. लैपटॉप का उपयोग ज्यादा करने लग गए।समय काटने के लिए गेम खेलना, वेब सीरीज, फ़िल्म देखना ,ऑनलाइन क्लास लगने सुरु हो गए। सारा सिस्टम अब इसी में काम करने लग गए। अब हुआ ये की कोविड तो खतम हो गया, पर हम इन आदतों से निकल नहीं पाए। एक समय था ज़ब हम कहते थे की चश्मा 40 के पार वालों को लगता हैं। आज लगभग आधी आबादी नेत्र रोग से पीड़ित हैं।निकट दृस्टिदोष के मरीजों की संख्या बड़ी हैं। जिसे हम मयोपिया कहते हैं। यह तेजी से बढ़ने वाला नंबर होता हैं। जिसे समय पर पहचान कर (-)नंबर का चश्मा दिया जाता हैं। जिसे दिन भर पहनना जरूरी होता हैं।

शासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय समय पर लोगों को जागरूक करने के लिए निः शुल्क नेत्र स्वास्थ शिविर, प्रचार प्रचार, चश्मा वितरण, स्कूल में जाकर बच्चों का परीक्षण और उपचार आदि किया जाता हैं।प्राथ. स्वा. केंद्र- गैंदाटोला के अंदर 34 गांव आते हैं, जिनका जनसंख्या लगभग 40000 हैं। अभी तक हमलोगों ने 37 निः शुल्क शिविर का आयोजन किया हैं। जो इस साल 50 का लक्ष्य हैं।17 मिडिल स्कुल हैं, जिनके 1219 बच्चों का नेत्र जाँच तथा उपचार कर 35 बच्चों को निः शुल्क चश्मा वितरण किया गया हैं। जिला प्रशासन, और स्वास्थ्य विभाग राजनांदगाव इस क्षेत्र में बहुत तेजी से कार्य कर रहे हैं।सही समय और सही उम्र में बच्चों तक पहुंचकर बिमारी को पहचान कर, उपचार और जिनको चश्मा की जरुरत हैं, उन्हें चश्मा देकर बिमारी को खत्म करने या उसे रोकने का प्रयास किया जा रहा हैं। मोबाईल का नशा शराब के नशे से भी ज्यादा खतरनाक हैं। धीरे धीरे ये मानवता के लिए खतरा बन रहा हैं। हमें समझना होगा की इलेक्ट्रॉनिक संसाधन या मशीनरी सामान हमारी सहायता के लिए हैं। इनका उचित उपयोग करना जरुरी हैं। आवश्यकता से ज्यादा प्रयोग और उपयोग दोनों ही खतरनाक हैं।

रुचिता साहू ने दसवीं में 92.16 अंक अर्जित किया उनके दादा ने दी स्कूटी उपहार में

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला ग्राम जोशीलमती, विकासखंड छुरिया, जिला राजनांदगाव में अध्ययनरत कक्षा 10वी कि छात्रा कु.रुचिता साहू ने 92.16 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय एवं ग्राम का नाम रोशन किया। कु रुचिता साहू के उच्च अंक प्राप्त करने से प्रभावित होकर उनके दादा पंच राम साहू ने अपने पोती रुचिता साहू को एक्टिवा स्कूटी गिफ्ट प्रदान की है। यह ग्रामीण अंचल के लिए बहुत बड़ा संदेश है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि घासीराम साहू, विद्यालय के प्रिंसिपल श्रीमती एस के शोरी, शिक्षक चैन कुमार सोनवानी, शिक्षक गैन्दलाल कोलियार, अजय चंद्रवंशी, होरिलाल भुवार्य, अविनाश मानिकपुरी, महंत भुवन दास साहेब एवं पिता भूपेंद्र साहू, माता श्रीमती भगवती साहू, लखन साहू, डॉ. गोविन्द साहू, सत्यम ब्लड ग्रुप के संयोजक चित्रांगन साहू ने बताया और सभी उपस्थिति लोगों ने कु रुचिता साहू को उनके उज्जवल भविष्य के लिए तथा पढ़ाई एवं तरक्की के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनायें दिए।

डीएसपी आशीष शुक्ला को पितृशोक

रिटायर्ड टीआई विजय शुक्ला का निधन

भिलाई नगर। राधिका नगर भिलाई के प्रतिष्ठित नागरिक रिटायर्ड वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय शुक्ला का आज संध्या उपचार के दौरान राजधानी रायपुर के निजी अस्पताल में निधन हो गया, विजय शुक्ला कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे वे 83 साल के थे। रिटायर्ड वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय शुक्ला दुर्ग जिला एवं अविभाजित दुर्ग जिला के विभिन्न थानों में लंबे समय तक सेवाएं दी है अपने कार्यों की वजह से पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच उनकी अच्छी पैठ थी दमदार पुलिस अधिकारी के रूप में आम लोगों के बीच इनकी पहचान थी।

राजस्थान की लगातार चौथी हार... सैम करन की तूफानी पारी से पंजाब की धमाकेदार जीत

गुवाहाटी 15 मई (वार्ता) गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान सैम करन नाबाद (63)की अर्धशतकीय पारी की बदौलत पंजाब किंग्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 65वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया है।

145 के छोटे लक्ष्य को हासिल करने उतरी पंजाब किंग्स की पारी शुरुआत में लड़खड़ाती नजर आई। पहले ओवर में प्रभसिमरन सिंह (4) और उसके बाद पांचवें ओवर में राइली रुसो 13 गेंदों में (22) उसी ओवर में शशांक सिंह (शून्य) पर पवेलियन लौट गये। ऐसे समय में कप्तान सैम करन ने जितेश शर्मा के साथ पारी को संभाला। जितेश शर्मा ने 20 गेंदों में 22 रन बनाये। सैम करन ने 41 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्का लगाते हुए नाबाद (63) रनों की पारी खेली। आशुतोष शर्मा 11 गेंदों में (17) रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स ने 18.5 ओवर में 145 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया।

राजस्थान की ओर से आवेश खान और युजवेंद्र चहल ने दो-दो विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले रियान पराग (48) और रवि अश्विन के (28) रनों की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 145 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रायल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में यशस्वी जयसवाल (4) का विकेट गवां दिया। उन्हें सैम करन ने आउट किया। टॉम कोहलर और कप्तान संजू सैमसन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में नेथन एलिस ने संजू सैमसन (18) को आउट कर पंजाब को दूसरी सफलता दिलाई। अगले ओवर में राहुल चाहर ने टॉम कोहलर (18) को पवेलियन भेज दिया। रवि अश्विन ने 19 गेंदों में 28 रन बनाये। ध्रुव जुरेल (शून्य), रोवमन पॉवेल (4), डॉनोवन फरेरा (7),ट्रेंट बोल्ट (12) रन बनाकर आउट हुये। रियान पराग ने 34 गेंदों में छह चौकों की मदद से सर्वाधिक (48) रन बनाये। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट पर 144 रन का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से सैम करन,राहुल चाहर और हरप्रीत बराड ने दो-दो विकेट लिये। अर्शदीप सिंह और नेथन एलिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

पहला कॉलम...

15 साल के बेटे ने की नशेड़ी पिता की हत्या

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के टिब्बा सुल्तानपुर में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां एक 15 साल के लड़के ने गुस्से में आकर अपने पिता की हत्या कर दी। दरअसल, पिता नशे का आदी था और रोज मां के साथ मारपीट करता था।

मुल्तान और वेहारी के बीच कस्बे में हुई इस घटना ने स्थानीय समुदाय में डर का माहौल बना हुआ है। सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच के बाद, पुलिस ने आरोपी बेटे अली हसन को पकड़ लिया है। अपराध कबूल करने के बाद अली ने बताया कि कैसे उसके पिता शराब के नशे में धुत होकर उनकी मां को मौखिक और शारीरिक शोषण का शिकार बनाते थे, इसके कारण अली को कठोर कदम उठाना पड़ा। अली के पास से हत्या का हथियार बरामद कर लिया गया और अधिकारियों ने आसपास की परिस्थितियों की गहन जांच शुरू कर दी। ऐसी ही एक घटना 24 अप्रैल को भी हुई थी, जहां हिंसा से एक परिवार बिखर गया था। इसमें बेटे ने ही अपने पिता और चाचा की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

पश्चिमी अफगानिस्तान में एक अफगान मिलिट्री हेलीकॉप्टर हुआ दुर्घटनाग्रस्त

इस्लामाबाद। पश्चिमी अफगानिस्तान के घोर प्रांत में बुधवार को एक अफगान सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी तालिबान रक्षा मंत्रालय ने दी।

मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में कहा, घोर की प्रांतीय राजधानी फिरोज कोह शहर के पास नागरिकों को ले जा रहे एक वाहन के नदी में गिरने के बाद हेलीकॉप्टर बचाव अभियान पर था। बयान के मुताबिक, दुर्घटना में 12 यात्री घायल हो गए। इसमें कहा गया है कि चालक दल ने आपातकालीन लैंडिंग करने की कोशिश की लेकिन हेलीकॉप्टर एक दीवार से टकरा गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया।बयान में दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति की पहचान नहीं की गई है और यह भी स्पष्ट नहीं है कि विमान में कितने लोग सवार थे। एक्स पर पोस्ट की गई तस्वीरों में नदी के किनारे दुर्घटनास्थल को देखा जा सकता है, जहां दर्जनों लोग जीवित बचे लोगों की मदद करने के लिए एकत्र हुए थे।

पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा अचनाक लौटे स्वदेश

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के लीग स्टेज मुकाबले अब खत्म होने वाले है। टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी पंजाब किंग्स के अभी दो मुकाबले बाकी रहते है, लेकिन इन मुकाबलों से पहले पंजाब किंग्स को करारा झटका लगा है। पंजाब टीम के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा आईपीएल 2024 के बाकी बचे हुए मैचों से बाहर हो गए हैं। कगिसो रबाडा अपनी इंजरी के चलते अपने घर लौट चुके हैं। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने अपने एक्स पर इसकी जानकारी दी है।

दरअसल, प्रोटिस मेंस ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक ट्वीट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा आईपीएल 2024 के बीच अपने घर लौट चुके हैं। कगिसो रबाडा अपनी इंजरी के इलाज के लिए अपने घर रवाना हुए। 28 साल के कगिसो रबाडा क्रिकेट साउथ अफ्रीका के मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। आगामी टी20 विश्व कप 2024 के लिए वह उपलब्ध रहेंगे। अगर बात करें कगिसो रबाडा के आईपीएल 2024 के प्रदर्शन की तो उन्होंने पंजाब किंग्स के लिए कुल 11 मैच खेलते हुए 11 विकेट चटकाए। इस दौरान उनका इकोनॉमी रेट 8.85 का रहा। वह पंजाब किंग्स के लिए आखिरी दो मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

बंदूकधारियों ने प्रिजन वैन पर हमला करने से 3 पुलिसकर्मियों की मौत

नई दिल्ली। फ्रांस में मंगलवार को बंदूकधारी हमलावरों ने जेल के एक वाहन को निशाना बना लिया जिससे एक कैदी को जेल ले जाया जा रहा था। घटना में कम से कम 3 पुलिसकर्मियों के मारे जाने की खबर है। हमलावर अपने इरादे को अंजाम देने में सफल रहे और गैंग के लीडर कैदी को आजाद करा ले गए। रिपोर्ट्स के अनुसार इस घटना में 2 पुलिसकर्मी घायल भी हुए हैं।

जानकारी के अनुसार यह घटना मंगलवार की सुबह नॉरमैंडी में हुई। यहां एक कैदी को रूएन शहर से एवरेक्स ले जाया जा रहा था। सूत्रों के अनुसार इस दौरान दो वाहनों से कुछ लोग आए और पुलिस वैन को टक्कर मार दी। यह साफ नहीं हो पाया है कि कितने लोग इन वाहनों में सवार थे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि दोषियों को ढूंढने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है।

शेयर बाजार ने बढ़ाई वित्त मंत्री की चिंता

नई दिल्ली। शेयर बाजार में निवेश करने वाले आम लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है. लगातार आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं कि खुदरा निवेशक पारंपरिक निवेश विकल्पों के ऊपर शेयर बाजार को तरजीह दे रहे हैं. इस बात से बाजार के विभिन्न भागीदार जहां खुश हैं, वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की चिंता इसके चलत बढ़ी हुई है.

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण प्रमुख शेयर बाजार बीएसई के एक कार्यक्रम में हिस्सा ले रही थीं. कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बाजार के नए ट्रेंड पर अपनी चिंता जाहिर की. उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा भारतीय अब शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं, जिससे उनकी बचत और कमाई पर जोखिम बढ़ रहा है. ऐसे में लोगों की बचत (हाउसहोल्ड सेविंग) को सुरक्षित बनाने के उपायों की जरूरत है.

वित्त मंत्री की चिंता शेयर बाजार में भी खास तौर पर डेरिवेटिव सेगमेंट यानी फ्यूचर एंड ऑप्शंस में पैसे लगाने वालों के लिए है. वह कहती हैं- अगर फ्यूचर एंड ऑप्शंस बाजार के खुदरा कारोबार में कोई अनियंत्रित विस्फोट होता है तो उससे बाजार, निवेशकों की धारणा और हाउसहोल्ड फाइनेंस सभी के लिए भविष्य की चुनौतियां पैदा हो सकती हैं. वित्त मंत्री ने बीएसई से आह्वान किया कि वह खुदरा निवेशकों के पैसे को सुरक्षित बनाने के लिए सेबी के साथ मिलकर काम करे.

यह पहली बार नहीं है, जब फ्यूचर एंड ऑप्शंस को लेकर शीर्ष स्तर पर चिंताएं व्यक्त की गई हों. बाजार नियामक सेबी खुद एफएंडओ सेगमेंट में बढ़ती खुदरा भागीदारी को लेकर चिंताएं जाहिर कर चुका है. सेबी फ्यूचर एंड ऑप्शंस सेगमेंट में निवेशकों की सुरक्षा के लिए विभिन्न पहलों पर भी काम कर रहा है. उनमें निवेशकों को जागरूक करने के प्रयास भी शामिल हैं.

कनाडा सरकार ने भारतीय आईटी कंपनी पर लगाया भारी जुर्माना

नई दिल्ली। कनाडा की ट्रूडो सरकार ने भारतीय आईटी कंपनी इंफोसिस के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. बताया जा रहा है कि कनाडा ने यह कार्रवाई एम्प्लॉयी हेल्थ टैक्स कम दिए जाने की वजह से की है. कंपनी के ऊपर साल 2020 के लिए भारी भरकम जुर्माना लगाया है. बीते 9 मई को कंपनी को कनाडा के विदेश मंत्रालय से जुर्माने को लेकर आदेश मिला है.

इंफोसिस ने शेयर बाजार की दी गई सूचना में बताया कि, 31 दिसंबर 2020 में समाप्त वर्ष के दौरान कर्मचारी हेल्थ टैक्स के कथित कम भुगतान के आरोप में जुर्माना लगाया गया है.

सात्विक-चिराग की जोड़ी को मिली जीत, एच एस प्रणय पहले ही दौर में हारे

बैंकॉक । सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और तान वी कियोंग को हराकर पुरुष डबल्स के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

सात्विकसाईराज-रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष डबल्स जोड़ी ने थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए जीत दर्ज की, जबकि एच एस प्रणय पहले ही दौर में हारकर बाहर हो गए। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और तान वी कियोंग को हराकर पुरुष डबल्स के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 34 मिनट में 21-13, 21-13 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चीन के शि हाओनान और जेंग वेइ हान से होगा। वहीं, पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रणय को हमवतन मेराबा लुवांग मेसनाम ने 21-19, 21-18 से हराया। अब मेराबा का सामना डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसेन से होगा जिन्होंने भारत के किरण जॉर्ज को 21-15, 13-21, 21-17 से मात दी।

महिला सिंगल्स में अश्मिता चालिहा ने इंडोनेशिया की एस्टर नुरूमी त्रि वार्दोयो को 19-21, 21-15, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की हान युइ से होगा। युइ ने भारत की मालविका बंसोड़ को 21-11, 21-10 से हराया। उन्नति हुड्डा भी पहले दौर में बेल्जियम की लियाने तान से 21-14, 14-21, 9-21 से हार गई।

स्टीफन फ्लेमिंग बन सकते हैं टीम इंडिया के नए हेड कोच, राहुल द्रविड़ छुट्टी तय!

नईदिल्ली। टीम इंडिया के कोचिंग स्टाफ में टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद बहुत सारे बदलाव देखने को मिलेंगे. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम इंडिया के हेड कोच के लिए आवेदन मंगवाए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई ने नया हेड कोच नियुक्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि न्यूजीलैंड के दिग्गज खिलाड़ी स्टीफन फ्लेमिंग को भारत का नया कोच बनाया जा सकता है. बीसीसीआई के अधिकारी इंतजार कर रहे हैं कि फ्लेमिंग अपने बिजी शेड्यूल से समय निकाल कर इस पद के लिए अपना आवेदन कब करते हैं. बीसीसीआई की शर्त अनुसार नए कोच को तीनों फॉर्मेट में टीम की जिम्मेदारी संभालनी होगी.

सूत्रों की बात माने तो आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के कोच की भूमिका निभा रहे स्टीफन फ्लेमिंग टीम इंडिया की कोच की रेस में सबसे आगे हैं. अगर ऐसा होता है तो आने वाले कुछ वक्त में भारतीय क्रिकेट की दशा बदलने की संभवना होगी. फ्लेमिंग के पास अच्छी मैनेजमेंट स्किल्स हैं और सकारात्मक माहौल बनाकर खिलाड़ियों से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाना अच्छे से जानते हैं. आईपीएल में सीएसके के कोच के रूप में सफलता प्रतिशत के कारण भी उन्हें टीम इंडिया के नए कोच के तौर पर देखा जा रहा है. इस वक्त राहुल द्रविड़ टीम इंडिया की हेड कोच की भूमिका निभा रहे हैं.

आईसीसी रैंकिंग में बड़ा उलटफेर, वानिंदु हसरंगा और सिकंदर रजा की बड़ी छलांग

नई दिल्ली। आईसीसी की ओर से नई रैंकिंग जारी कर दी गई है। इस वक्त टेस्ट और वनडे ज्यादा नहीं हो रहे हैं, क्योंकि जून में टी20 वर्ल्ड कप 2024 है, इसलिए इसी फॉर्मेट में क्रिकेट ज्यादा हो रहा है। इस बीच आईसीसी ने जो नई रैंकिंग जारी की है, उसमें कुछ एक बड़े बदलाव देखने के लिए मिल रहे हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने इस बीच अच्छा प्रदर्शन कर रैंकिंग में उछाल मारी है।

आईसीसी की ओर से टी20 में आलराउंडर्स की जो रैंकिंग की गई है, उसमें बांग्लादेश के शाकिब अल हसन टॉप पर बने हुए हैं, लेकिन अब वे अकेले टॉपर नहीं हैं, वानिंदु हसरंगा भी उनके साथ आ गए हैं। शाकिब की रेटिंग इस वक्त 228 की है और इतनी ही रेटिंग हसरंगा की हो गई है। ये दोनों खिलाड़ी इस वक्त टॉप पर हैं। शाकिब तो जहां पहले थे, वहीं पर हैं, लेकिन हसरंगा ने एक स्थान की छलांग मारी है।

इन टॉप 2 खिलाड़ियों के बाद अगर आगे की बात की जाए तो अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी तीसरे स्थान पर हैं। उनकी रेटिंग 218 की है। उधर जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने दो स्थानों की छलांग मारी है। वे अब 210 की रेटिंग के साथ अब चौथे पर पहुंच गए हैं।

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारत की सबसे खतरनाक प्लेइंग 11, इस ब्लू आर्मी को मात देना असंभव!

दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के आगाज में अब गिनती के महज कुछ दिन शेष रह गए हैं. ब्लू आर्मी अभी से आगामी ट्रॉफी पर अपनी नजर गड़ाए हुए है. %हिटमैन% रोहित शर्मा और हेड कोच राहुल द्रविड़ की मंशा भी साफ है. वर्ल्ड कप 2023 में मिली निराशा को वह आगामी टूर्नामेंट में ट्रॉफी पर कब्जा जमाकर कुछ हद तक कम करने की कोशिश में लगे हुए हैं. टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय भारतीय स्क्वाड का भी ऐलान हो चुका है. टी20 वर्ल्ड कप के लिए रोहित शर्मा को कप्तान बनाया गया है. वहीं हार्दिक पंड्या के कंधों पर उप-कप्तानी की जिम्मेदारी रखी गई है. टी20 वर्ल्ड कप 2024 के आगाज से पहले बात करें यहां चुने गए खिलाड़ियों में भारतीय टीम की सबसे मजबूत प्लेइंग 11 क्या हो सकती है, तो वो इस प्रकार है-

देश के क्रिकेट एक्सपर्ट का मानना है कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 में रोहित शर्मा और विराट कोहली की सलामी जोड़ी काफी फायदेमंद साबित हो सकती है. किंग कोहली आईपीएल 2024 में पारी का आगाज करते हुए जबर्दस्त लय में भी नजर आ रहे हैं. वहीं रोहित शर्मा का बल्ला जरुर आईपीएल में नहीं चल रहा है, लेकिन उनके अनुभव से हर कोई अच्छी तरह वाकिफ है. वह अपने दिन पर अकेले मैच जिताने का हुनर रखते हैं.

मध्यक्रम की कमान सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और संजू सैमसन के कंधों पर रखी जा सकती है. ये तीनों ही बल्लेबाज आईपीएल में अपनी टीम के लिए मध्यक्रम में काफी बेहतरीन खेल दिखा रहे हैं. सूर्यकुमार यादव को नंबर 3 पर, दुबे को 4 और सैमसन को 5 नंबर पर उतारा जा सकता है. बीच के ओवरों में दुबे एक दो ओवरों की गेंदबाजी करने का भी क्षमता रखते हैं. वहीं सैमसन विकेटकीपिंग से खेल का रुख बदलने में माहिर हैं.

किसी भी टीम में जितने ज्यादा ऑलराउंडर होते हैं. वह टीम उतनी ही ज्यादा खतरनाक होती है. पिछले सीजन में हमने इंग्लैंड के साथ यह चीज देखी थी. जारी सीजन के लिए टीम में 3 बेहतरीन ऑलराउंडर हैं, जो बल्ले और गेंद दोनों से खेल के रुख को बदलने का हुनर रखते हैं. इन तीनों खिलाड़ियों का नाम हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल है. उम्मीद है यूएसए और करेबियन पिचों को देखते हुए इन तीनों खिलाड़ियों को प्लेइंग 11 में शामिल किया जा सकता है.

इनके ऊपर रहेगी गेंदबाजी की कमान

गेंदबाजी की कमान मुख्य रुख से जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के कंधों पर रहेगी. आईपीएल में बुमराह का जमकर कहर देखने को मिल रहा है, लेकिन सिराज फॉर्म के लिए थोड़े स्ट्रगल करते हुए नजर आ रहे हैं. हालांकि, बड़े मुकाबलों में उनकी कातिलाना गेंदबाजी से हर कोई अच्छी तरह से वाकिफ है. मुख्य स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव का चुनाव करना बेस्ट साबित हो सकता है.

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारत की बेस्ट प्लेइंग 11-

रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (उप-कप्तान), रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज.

टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्क्वाड-

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल , अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज.

रिजर्व प्लेयर्स - शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान.

प्रथम पेज का शेष

0 अपनी गिरफ्तारी का आधार जानना अभियुक्त...

अनुच्छेद 20, 21 और 22 के तहत सुनिश्चित सबसे पवित्र मौलिक अधिकार है। इस मौलिक अधिकार के अतिक्रमण के किसी भी प्रयास को इस न्यायालय ने कई निर्णयों में अस्वीकार कर दिया है।

पीठ ने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद, 20, 21 और 22 द्वारा गारंटीकृत ऐसे मौलिक अधिकार का उल्लंघन करने के किसी भी प्रयास से सख्ती से निपटना होगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्राथमिकी 17 अगस्त 2023 को दर्ज की गई थी, लेकिन पुलिस हिरासत आदेश पारित होने तक आवेदन के बावजूद आरोपी अपीलकर्ता को इसकी प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई थी। पीठ ने कहा आरोपी को 3 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किया गया और उसे 4 अक्टूबर 2023 को सुबह 6 बजे से कुछ समय पहले जज के आवास पर उनके समक्ष पेश किया गया था। पीठ ने कहा, यह पूरी कवायद गुप्त तरीके से की गई और यह कानून की उचित प्रक्रिया को दरकिनार करने का एक ज़बरदस्त प्रयास था। पुरकायस्थ का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने रखा, जबकि दिल्ली पुलिस का प्रतिनिधित्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल श्री राजू ने किया। शीर्ष अदालत के आदेश के पर श्री राजू ने कहा कि चूंकि गिरफ्तारी को अवैध घोषित कर दिया गया, इसलिए यह पुलिस को गिरफ्तारी की शक्ति का आगे प्रयोग करने से नहीं रोक सकता है। इस पर पीठ ने मौखिक रूप से कहा, आपको कानून के तहत जो भी अनुमति है वह कर सकते हैं। न्यूज़क्लिक के संस्थापक और प्रधान संपादक पुरकायस्थ और इसके एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती ने आतंकवाद विरोधी कानून गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में अक्टूबर 2023 में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी। दिल्ली पुलिस ने उन पर चीन में रहने वाले एक व्यक्ति से लगभग 75 करोड़ रुपये प्राप्त करने का आरोप लगाया और इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि देश की अखंडता और स्थिरता से समझौता किया जाए। इस मामले में 17 अगस्त 2023 को मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें पुरकायस्थ और अन्य के अलावा चीन के निवासी नेविल रॉय सिंघम का नाम दर्ज था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि 4 अक्टूबर 2023 को जब हिरासत संबंधी आदेश पारित किया गया था, तब याचिकाकर्ता ने प्राथमिकी की एक प्रति की मांग करते हुए एक आवेदन दायर करते समय अवैध हिरासत आदेश के बारे में कोई शिकायत नहीं की थी।

0 इंदिरा-राजीव को लेकर मोदी की ओछी टिप्पणी ठीक नहीं - खड़गे ...

जिसकी आज कुल क़ीमत क़रीब 12 हज़ार करोड़ रुपये होगी। इंदिरा गाँधी जी ने हमारी सेना के लिए अपने गहने तक दे दिए।

0 सीएए के तहत पहली बार मिली 14 शरणार्थियों को नागरिकता....

राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद 10 जनवरी 2020 को कानून बन गया। इसका गजट नोटिफिकेशन इस साल 11 मार्च को जारी किया गया।

0 एक दशक में मिले 51.40 करोड़ रोजगार- अनुराग...

पीएलआई जैसी स्कीमों ने भी लोगों को रोजगार देने में प्रत्यक्ष तौर पर मदद की है। श्री ठाकुर ने आगे कहा, मुझे आज विपक्षी खेमे पर तरस आ रहा है क्योंकि पहले ही उनका एसटी, एससी, ओबीसी आरक्षण और संविधान वाला नैरेटिव बुरी तरह पिट चुका है। पाकिस्तान के गोद में जाकर बैठने से भी उनका काम बनता नहीं दिख रहा। वोट बैंक और अपिजमेंट पॉलिटिक्स भी अब काम नहीं आ रही। गाहे बगाहे यह लोग बिना सर पैर के बेरोजगारी पर बात कर लेते थे तो अब वह भी नहीं कर सकते। अब आखिर इनका अगले 15 दिनों का चुनाव प्रचार कैसे बीतेगा? यह लोग कौन सा नया प्रोपेगेंडा लेकर आएंगे? हिंदुओं की संपत्ति छीन कर अपने वोट बैंक को देने वाली बात पहले चार चरणों में इन पर भारी पड़ चुकी है। श्री ठाकुर ने कहा, पिछला दशक भारत की प्रगति का सच्चा दशक बनकर सामने आया है और आने वाला युग भी भारत का है। जैसे-जैसे समय बीतेगा और लोग मोदी जी के 10 वर्षों पर और रिसर्च करेंगे वैसे-वैसे मोदी सरकार के युग परिवर्तनकारी बदलाव से देश और दुनिया परिचित होगी। मोदी 3.0 और बड़े बदलावों और परिवर्तन वाला होगा। हम जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेंगे। श्री ठाकुर ने अंत में रोजगार सृजन से जुड़े कुछ और आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया,÷2018 से लेकर 2024 तक ईपीएफओ में 7 करोड़ 60 लाख लोग इनरोल हुए हैं। यानी इतने लोगों को फॉर्मल सेक्टर में रोजगार मिला है और ऐसा तब हुआ है जब इसमें लगभग दो वर्ष कोविड के कारण अस्त व्यस्त रहे। इसके अलावा लगभग 30 करोड़ ई-श्रम कार्ड बनाए गए हैं। मुद्रा योजना के अंतर्गत 41 लाख ऋण दिए गए जिससे लोगों को अपने पैरों पर खड़ा होने का मौका मिला। इसके अलावा मात्र इसी साल एक करोड़ 44 लाख लोगों को रोजगार मिला है। 10 लाख लोगों को मोदी सरकार ने पिछले वर्ष हीं सरकारी नौकरी दी है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि बेरोजगारी दर लगातार गिर रही है और हम अभी भी इसे और काम करने के लिए प्रयासरत हैं। आज से दो वर्ष पहले जीएसटी कलेक्शन 90 हजार करोड़ की थी, आज 2 लाख 14 हजार करोड़ है। इससे पता चलता है कि हमारा व्यापार बढ़ा है और अगर व्यापार बढ़ा है तो क्या रोजगार नहीं बढ़ा होगा? इसी प्रकार विदेशी पूंजी निवेश 31 अरब डॉलर से बढ़कर 7.1 करोड़ डॉलर हो चुका है। इससे भी रोजगार बढ़े हैं।

0 दिल्ली के चांदनी चौक में रैली में बोले सीएम केजरीवाल....

अगर जनता 25 मई को उनके इंडी गठबंधन के पक्ष में वोटिंग करेगी, तो वे जेल जाने से बच जाएंगे। अगर लोगों ने कमल का बटन दबाया, तो उनको फिर से जेल जाना पड़ेगा। केजरीवाल ने कहा कि अगर जनता उनका साथ देगी, तो देश से तानाशाही का माहौल खत्म किया जाएगा। लोकतंत्र की सुरक्षा की जाएगी। बीजेपी के लोगों ने उनको जेल भेजकर पार्टी तोड़ने का काम किया है। लेकिन बजरंग बली की कृपा रही और वे लोग नहीं टूटे। मैंने दिल्ली के लोगों के बच्चों का भविष्य बनाया। उनका आखिर कसूर क्या था? उनको बेवजह जेल भेजा गया। केजरीवाल ने बीजेपी के बारे में कहा कि लोकसभा चुनाव में उनकी हार तय है।

आपकी बनारसी साड़ी असली है या नकली ?

ज़री, या मेटल (सोने या चांदी) के धागों से की जाने वाली बुनाई बनारसी साड़ियों को दूसरे से अलग बनाती हैं. असली ज़री मेटल की पतली परत से लेपित शुद्ध चांदी या सोने के धागों से बनाई जाती है. ज़री के काम को ध्यान से जांचें. प्रामाणिक बनारसी साड़ियों में बारीक ज़री धागों से तैयार किए गए जटिल पैटर्न होते हैं, जो रोशनी में खूबसूरती से चमकते हैं. नकली साड़ियों में अक्सर सिंथेटिक या सस्ती क्वालिटी वाली ज़री का इस्तेमाल किया जाता है, जिसमें असली ज़री की चमक और सुंदरता का अभाव होता है.

डिज़ाइन

बनारसी साड़ियां मुगल कला, प्रकृति और बूटा (पैस्ले), फ्लोरल पैटर्न और ज्यामितीय आकृतियों से प्रेरित होकर बनाई जाती हैं. प्रामाणिक साड़ियाँ सटल लेकिन खूबसूरत शिल्प कौशल का प्रदर्शन करती हैं, जिसमें हर आकृति को कपड़े में जटिल रूप से बुना जाता है. असली बनारसी साड़ियां डिज़ाइन बनाने के लिए बुनाई तकनीक पर निर्भर करती हैं, कढ़ाई या छपाई पर नहीं.

वज़न

असली बनारसी साड़ियों का वजन उनके निर्माण में इस्तेमाल होने वाले रेशम और ज़री की गुणवत्ता के कारण काफी बढ़ जाता है. जब आप असली बनारसी साड़ी पकड़ेंगे, तो आपको इसकी शानदार बनावट का एहसास होगा. इससे ऐश्वर्य और परिष्कार झलकता है. नकली साड़ियाँ हल्की और फीकी लग सकती हैं.

कीमत और स्रोत

असली बनारसी साड़ी की पहचान अकेले कीमत को देखकर नहीं की जा सकती क्योंकि बाजार में नकली साड़ियों के दाम भी आसमान छू रहे हैं. असली बनारसी साड़ियों में काफी लेबर और मेहनत होती है, जो इसे हाई क्वालिटी वाली सामग्री से तैयार की जाती हैं, इसी के कारण उनके दाम काफी ज्यादा होते हैं. हालांकि, कम कीमत में आपको असली बनारसी नहीं मिल सकती. इसलिए इससे सावधान रहें, खासकर असत्यापित विक्रेताओं या संदिग्ध वेबसाइटों से. प्रामाणिक बनारसी साड़ियों की एक निश्चित कीमत सीमा होती है जो उनकी गुणवत्ता और शिल्प कौशल को दर्शाती है. प्रतिष्ठित दुकानों, प्रमाणित बुनकरों, या प्रामाणिक हथकरघा उत्पादों को बेचने के लिए जाने जाने वाले विश्वसनीय ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म से खरीदारी करें.

प्रमाणीकरण और लेबल

हथकरघा और पारंपरिक शिल्प को बढ़ावा देने के लिए शासी निकायों या संगठनों द्वारा सर्टिफिकेशन या लेबल दिए जाते हैं, जिन्हें आपको जरूर देखना चाहिए. कुछ बनारसी साड़ियाँ हथकरघा चिह्न या जीआई (भौगोलिक संकेत) टैग के साथ आती हैं, जो उनकी उत्पत्ति और प्रामाणिकता को दर्शाता है. इन लेबलों और प्रमाणपत्रों की विश्वसनीयता सत्यापित करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे नकली नहीं हैं.

ब्लैक हेवी लहंगे के साथ ज्वैलरी कैसी पहनें ?

एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा अपने बिंदास अंदाज के अलावा एलिगेंस लुक के लिए भी जानी जाती हैं. उनका लेटेस्ट ब्लैक लहंगा लुक इस वक्त फैंस के बीच चर्चा का विषय है. आइये एक नजर डालते हैं उनके लुक पर.

बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक में विक्रम फडनीस के काले लहंगे में सोनाक्षी सिन्हा ने अपना जलवा बिखेरा, जिसमें सशक्तता और अनूठी शैली के साथ भारतीय सुंदरता का प्रतीक था। उनका पहनावा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक था, जिसने दर्शकों पर अमिट प्रभाव छोड़ा। तमाम सितारों की तरह बॉलीवुड एक्ट्रेस ने भी एक फैशन शो में अपने स्टाइल और लुक्स से सबको मदहोश कर दिया. एक्ट्रेस डिजाइनर विक्रम फडनीस के लिए शोस्टॉपर बनी थीं, जिसके लिए उन्होंने काले रंग की एक बेहद खूबसूरत ट्रेडिशनल ड्रेस को कैरी किया और रनवे की शोभा बढ़ाई. शानदार काले रंग का लहंगा पहने हुए, सोनाक्षी ने अपनी उपस्थिति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते हुए रॉयल अंदाज पेश किया. एक्ट्रेस की ये ड्रेस फडनीस के खूबसूरत कलेक्शन का एक छोटा सा उदाहरण है, जिसमें %हीरामंडी% एक्ट्रेस सोनाक्षी ने अपने स्टाइल और ग्रेस से चार चांद लगाया. आइये डीकोड करते हैं सोनाक्षी का फैशनेबल लुक.

सोनाक्षी सिन्हा का ब्लैक लहंगा लुक

एक्ट्रेस ने शो स्टॉपर बनने के लिए काले रंग के लहंगा सेट में खुद को कैरी किया, जिसमें फुल स्लीव्स का ब्लाउज, घेरदार लहंगा स्कर्ट और खूबसूरती से लिपटा हुआ दुपट्टा शामिल है. इसपर काफी बारीक सोने की फूलों की कढ़ाई करके इसे सजाया गया है, जो क्रॉप्ड हेम वाले ब्लाउज, लहंगे के ए-लाइन सिल्हूट को पूरी तरह से कॉम्प्लिमेंट कर रहा है.

सोनाक्षी का लुक खूबसूरत और रॉयल है, जिसकी हर तरफ प्रशंसा हो रही है. फैंस भी एक्ट्रेस के इस लुक को बुकमार्क कर आने वाले

फेस्टिवल या वेडिंग सीजन के लिए पसंद कर रहे हैं. लहंगे के साथ सोनाक्षी ने ज्वैलरी को मिनिमल रखते हुए नाजुक स्टेटमेंट इयररिंग्स और एक खूबसूरत गोल्डन रिंग को स्टाइल किया. ऐसा करने से ड्रेस पर किया गया बारीक काम पूरी तरह से हाईलाइट हो रहा है.

इतना ही नहीं एक्ट्रेस ने अपना मेकअप भी उतना ही मनमोहक और न्यूड रखा, जिसमें फेदरी आईब्रो, विंड आईलाइनर और एक ड्यूई बेस शामिल है. हेयरस्टाइल के लिए उन्होंने स्लीक हेयरडू को चुना, जिसे सफेद गजरे से सजाया गया है.

आने वाले वेडिंग सीजन में अगर कोई दुल्हन फैशन टिप्स चाहती है, तो वो डीवा के हेयरस्टाइल लुक से इंस्पिरेशन ले सकती हैं. इसके अलावा चाहे किसी को शादी में मेहमान के रूप में खुद के सबसे स्पेशल दिखाना हो, सोनाक्षी का यह लहंगा निश्चित रूप से एक अमिट छाप छोड़ेगा.

देसी और मॉडर्न दिखने करें इस तरह से करें स्टाइल

कृति सेनन हाल ही में हरे रंग की साड़ी में देखी गईं, जिसमें उनका देसी अवतार फैंस का दिल जीत रहा है. इस लुक में एक्ट्रेस देसी अवतार के साथ मॉडर्न टच भी दे रही हैं. आइये उनसे लेते हैं फैशन टिप्स.

कृति सेनन पिछले एक साल से लगातार हिट फिल्में दे रही हैं. लेकिन बात केवल फिल्मों की ही नहीं है फैशन के मामले में भी वे कभी फ्लॉप नहीं होतीं. उनका एक खूबसूरत देसी अवतार सामने आया है, जिसे आप किसी भी तीज-त्योहार या फिर शादी-ब्याह के मौके पर अपनाकर आसानी से खूबसूरत दिख सकती हैं.

दरअसल, कृति को हाल ही में एक इवेंट में देखा गया था, जिसमें वह ट्रेडिशनल आउटफिट में बहुत प्यारी लग रही थीं. उन्होंने इस दौरान हरे रंग की साड़ी पहन रखी थी और इसे गोल्डन कलर की टेम्पल ज्वैलरी के साथ पेयर किया.

कृति की साड़ी की बात करें, तो यह खूबसूरत हरे रंग की है,



जिसपर ब्लैक और गोल्डन कलर का खूबसूरत बॉर्डर दिया गया है. जहां एक तरफ साड़ी का पल्लू प्लेन है, तो वहीं, दूसरी ओर प्लीट्स पर डिजाइन दिया गया है. एक्सेसरीज के लिए कृति ने गोल्डन ईयरिंग और गोल्डन बैंगल कैरी किया और नेकलेस को अवॉइड किया. क्योंकि आजकल स्टेटमेंट ईयरिंग्स को पहनने का ट्रेंड है.

देसी अवतार को ग्लैमरस टच देने के लिए एक्ट्रेस ने स्ट्रैपी बैकलेस ब्लाउज को कैरी किया.

हालांकि, माथे पर एक बिंदी लगाकर उन्होंने अपना देसी लुक पूरा किया

मेकअप और हेयर के लिए आंखों पर आईलाइनर और हेवी मस्कारा के साथ न्यूड लिप शेड कैरी किया. बालों को लूज कर्ल्स में ओपन लुक कैरी किया.

साड़ी में हुआ भारत और पाकिस्तान की `आलिया भट्ट' का आमना-सामना, तो गुजराती लड़की पर पूरा हॉलीवुड फिदा

इस हफ्ते दुनिया का सबसे बड़े फैशन इवेंट मेट गाला का आयोजन हुआ था। जिसमें दुनियाभर के सितारों ने हिस्सा लिया और अपने स्टाइल से सबका दिल जीत लिया। लेकिन, यहां बॉलीवुड की ग्लैम गर्ल आलिया भट्ट ने सारी लाइमलाइट चुराने में कामयाब रहीं। आलिया के साड़ी लुक ने सबका दिल जीता, तो एक गुजराती लड़की के अंदाज पर पूरा हॉलीवुड फिदा हो गया।

खैर ये तो सिर्फ एक दिन की बात रही और इसके अलावा भी हफ्तेभर में कई सारे इवेंट हुए, जहां सितारों का फैशनेबल अंदाज देखने को मिला। यही नहीं भारत और पाकिस्तान की आलिया भट्ट का आमना-सामना भी लोगों का दिल जीत ले गया। तो, चलिए जानते हैं कि इस हफ्ते किन एक्ट्रेस के लुक पर फैंस अपना दिल हारे।

आलिया भट्ट

आलिया दूसरी बार मेट गाला का हिस्सा बनी थीं। जहां वह सब्यसाची मुखर्जी द्वारा डिजाइन की गई फ्लोरल साड़ी में नजर आईं। इस मिंट ग्रीन साड़ी पर हाथ से कढ़ाई की गई थी। जिसमें एक्ट्रेस की क्यूट सी स्माइल और दिलकश अदाओं ने फैंस का दिल जीत लिया। इसे उन्होंने परफेक्ट मेकअप और जलरी के साथ स्टाइल किया था।

हानिया आमिर



अब जहां आलिया न्यूयॉर्क में साड़ी पहन सबका दिल जीत रही थी, तो पाकिस्तान की आलिया भट्ट कही जाने वाली एक्ट्रेस हानिया आमिर ने भी साड़ी में अपना जलवा बिखेरा। हानिया रेड कलर की शिफॉन साड़ी में नजर आईं। जिसके साथ उन्होंने फूल स्लीवस ब्लाउज स्टाइल किया था। खुले बाल और प्यारी सी मुस्कान के साथ वह इस लुक में फैंस का दिल चराने में कामयाब रहीं। ड्ड

जाह्नवी कपूर

इस हफ्ते जाह्नवी ने अपने 2 लुक्स इंटरनेट पर तहलका मचा दिया। एक ओर वह क्रिकेट बॉल से इंस्पायर्ड बैकलेस ड्रेस में दिखाई दीं, तो दूसरी ओर उन्होंने गोल्डन कॉरसेट और स्कर्ट में भी कहर ढा दिया। इन दोनों ही आउटफिट में एक्ट्रेस का लुक काफी स्टनिंग लग रहा था।

शहनाज गिल

शहनाज गिल बॉलीवुड में एंट्री लेने के बाद से ही अपने लुक से इंटरनेट पर आग लगा देती हैं। यहां एक्ट्रेस के आइस ब्लू गाउन में नजर आ रही हैं।

सॉटन के इस गाउन की स्लीव्स में रफल्ड एलिमेंट एड किया गया है, तो थाई-हाई स्लिट में उनका बोल्ड अंदाज फैंस के होश उड़ा रहा है।

मौनी रॉय

मौनी रॉय यहां ब्लैक कॉरसेट और बैलून हेम स्कर्ट में नजर आ रही हैं। जिसके साथ उन्होंने नो जूलरी लुक फॉलो किया और अपने आईलाइनर से सबका ध्यान खींच लिया। इस विंड लाइनर से उनकी आंखें खूबसूरत लग रही थी, तो स्लीक बन उनके आउटफिट को कॉम्प्लिमेंट कर रहा था।

मोना पटेल

फैशन एंटरप्रेन्योर मोना पटेल भी मेट गाला का

हिस्सा बनी थीं और तितलियों वाली ड्रेस में सबके दिलों में अपनी गहरी छाप छोड़ गईं। उनकी इस वाइट और गोल्डन कलर की ड्रेस की खास बात उनके हाथ पर लगी बटरफ्लाई थी। इन्हें इस तरह से डिजाइन किया था कि ये अपने पंख भी हिला रही थी।

रणवीर सिंह

रणवीर सिंह हाल ही में टिफनी एंड कंपनी के स्टोर लॉन्च के इवेंट में पहुंचे थे। जहां एक्टर ने ऑल वाइट लुक कैरी किया था, तो सबसे ज्यादा ध्यान उनके फुटवीयर ने खींचा। वह वाइट शर्ट के साथ हाई वेस्ट पैंट पहने नजर आए और साथ में हील्स वाले शूज पहने थे। जिसमें उनका ये लुक काफी शानदार लग रहा था।

करिश्मा कपूर

ब्लैक एंड वाइट ऑफ शोल्डर गाउन में करिश्मा कपूर का कातिलाना अंदाज देखने को मिला। जिसके बैक पर बो बनाई गई थी और स्लीवस को जोड़ते हुए ट्रेल भी दी गई थी। स्लीक बन के साथ डायमंड की इस जूलरी में एक्ट्रेस काफी स्टनिंग लग रही थी।

अवनीत कौर

अवनीत कौर ने हाल ही में अपना पहला रैंप वॉक किया। इस लुक को अवनीत ने स्लीक बन और रेड स्टड के साथ कंप्लीट किया और रानी की तरह रैंप पर अपनी अदाओं से सबको मदहोश कर दिया।

सिल्क से लेकर चिकनकारी तक, क्या देखा है नीता अंबानी की खूबसूरत साड़ियों का कलेक्शन ?

देश के सबसे बड़े बिजनेसमैन मुकेश अंबानी की पत्नी और रिलाइंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी अपने शानदार फैशन सेंस के लिए भी जानी जाती हैं। कोई भी इवेंट हो नीता अंबानी अपनी ब्यूटी, स्टाइल और शानदार एपीयरेंस की वजह से अपनी फैमिली की सारी लेडीज पर भारी पड़ती हैं। इतना ही नहीं नीता अंबानी के सामने बॉलीवुड एक्ट्रेस की चमक भी फीकी नजर आती है। भारतीय परिधान साड़ी से नीता अंबानी को खास लगाव है। नीता अंबानी की वार्डरोब में पास आपको एक से एक कीमती और देश के अलग अलग हिस्सों की फेमस साड़ियों का कलेक्शन देखने को मिलेगा।

नीता अंबानी की साड़ियां

बनारसी सिल्क से लेकर हैंडलूम, कांचीपुरम, चिकनकारी, कांजीवरम, ऑर्गेंजा और घरचोला तक डिजाइनर साड़ियों का कलेक्शन मौजूद है। मनीष मल्होत्रा से लेकर सब्यसाची तक बड़े डिजाइनर्स की साड़ियां नीता अंबानी के पास मौजूद हैं।

रेड कांचीपुरम साड़ी

हाल ही में बेटे अनंत और राधिका के प्रीवेडिंग फंक्शन में नीता अंबानी ने रेड कांचीपुरम साड़ी में अपना खूबसूरत अंदाज दिखाया। इस साड़ी को दक्षिण भारत के बुनकरों ने तैयार किया था। साड़ी पर गोल्डन बॉर्डर और जरदोजी की कढ़ाई की गई है। इस साड़ी को मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है।

कांचीपुरम साड़ी

नीता अंबानी ने इसी इवेंट में आइवरी शेड वाली कांचीपुरम साड़ी पहनी थी जिसे उन्होंने सबसे बड़े पन्ना हार के साथ मैच किया था। नीता अंबानी का ये रॉयल साड़ी लुक चर्चाओं में रहा था।

नीता अंबानी गोल्डन साड़ी

नीता अंबानी के पास कांची पुट्टू साड़ी है जिसे हैंडक्राफ्ट से तैयार किया गया है। ये सिल्क साड़ी दिखने में बेहद खूबसूरत है।

जरी साड़ी

मीनाकारी बेल वाली ये हैंडक्राफ्ट साड़ी है जिसे जरी के साथ बनाया गया है। ये कढ़ियाल साड़ी है जो एक डिजाइनर पीस है।

सिल्क साड़ी

ये लेवेंडर कलर की बनारसी ब्रोकेट साड़ी है जो दिखने में बेहद खूबसूरत है। पार्टी फंक्शन के लिए परफेक्ट आउटफिट है।

डबल शेड साड़ी

सब्यसाची की ये ड्यूअल शेड साड़ी भी दिखने में बेहद खास है जिसे हेरिटेज ज्वैलरी के साथ कैरी करने पर ये और भी ग्रेसफुल लग रही है।

मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करें संपन्न - जिला निर्वाचन अधिकारी

मतगणना अधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ मतगणना कार्य संपादित करने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के लिए मतगणना पर्यवेक्षकों को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि 4 जून को मतगणना छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन गंज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव में की जाएगी। मतगणना अधिकारियों-कर्मचारियों को सुबह 7 बजे तक मतगणना स्थल के मतगणना टेबल में उपस्थित होना अनिवार्य है।

- मतगणना स्थल पर मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाना रहेगा पूर्णत: प्रतिबंधित
- मतगणना पर्यवेक्षकों को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में प्रथम चरण का दिया गया प्रशिक्षण
- 4 जून को छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन गंज मंडी बसंतपुर में की जाएगी मतगणना

उन्होंने कहा कि मतगणना बहुत जिम्मेदारी वाला कार्य है। कलेक्टर ने मतगणना अधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ मतगणना कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करें। जिससे कि किसी भी स्थिति में पुनर्गणना की स्थिति बिल्कुल भी निर्मित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो दायित्व दिया गया है उसे तत्परता के साथ पूरा करना है। उन्होंने मतगणना कार्य को शत प्रतिशत सही एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक गैजेट का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने गणना अधिकारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मतगणना केन्द्र एवं मतगणना कक्ष के आधारभूत संरचना एवं आदर्श बैठक व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतों की गणना विधानसभावार अलग-अलग कक्षों में की जाएगी। प्रत्येक कक्ष में गणना हेतु 14-14 टेबल की व्यवस्था की गई है। मतगणना कक्ष में जाली के बाहर मतगणना अभिकर्ता उपस्थित रहेंगे, जो मतगणना कार्य को प्रत्येक गतिविधियों का अवलोकन करेंगे। उन्होंने स्ट्रांग रूम में किये जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर अधिकारी-कर्मचारियों तथा उम्मीदवारों एवं उनके अभिकर्ताओं के प्रवेश हेतु अलग-अलग रास्ता बनाया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतगणना अधिकारियों को परिचय पत्र जारी किया जाएगा, जिसे लाना अनिवार्य होगा। इसके बिना किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा ने कहा कि मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना तिथि को निर्धारित समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने गणना अधिकारियों को अपने टेबल में उपस्थिति की जानकारी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को अनिवार्य रूप से देने कहा। मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु 2 जून तक अपना प्रवेश पास अनिवार्य रूप से प्राप्त करने कहा। मतगणना तिथि 4 जून को सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपना प्रवेश पास के साथ मतगणना स्थल में पहुंचना अनिवार्य है।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स कैलाश शर्मा एवं दीपक ठाकुर द्वारा ईटीपीबीएस, डाकमत पत्र, ईव्हीएम एवं वीवीपैट की मतगणना के संबंध में आवश्यक नियमों एवं निर्देशों के बारे में बारीकी से जानकारी दी। उन्होंने मतगणना की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आवश्यक नियमों एवं निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईटीपीबीएस, डाकमत पत्रों एवं ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। डाक मतपत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, मतगणना पूर्ण होने के पश्चात ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को सील करना, परिणामों की घोषणा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया। मतगणना कार्य के साथ ही टेबुलेशन, ईव्हीएम एवं अन्य प्रपत्रों की सीलिंग के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना की बारीकियों को बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि डाकमत पत्रों के माध्यम से प्राप्त वोट की गणना पहले की जाएगी। ऐसे डाकमत पत्र जो रिजेक्ट किए जाएंगे उसे अलग से रखा जाएगा। ईटीपीबीएस के संबंध में जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान यह बताया गया कि सिलिंग कार्य महत्वपूर्ण है तथा रिटर्निंग ऑफिसर इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करेंगे। इस दौरान सभी अधिकारियों ने मतगणना कार्य के लिए प्रेक्टिकल करके देखा तथा मतगणना कार्य के दौरान आने वाली शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, रिटर्निंग अधिकारी, सहायक निटर्निंग अधिकारी एवं मतगणना कार्य में लगे अधिकारी उपस्थित थे।

धर्म आपको वह देता है जो पैसा नहीं दे सकता - सुधाकर मुनि

जो व्यक्ति धर्म की आराधना करता है, वह अपने जीवन को चमन बना लेता है - नरेश मुनि

राजनांदगांव (दावा)। 15 मई युग प्रधान गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण के सुशिष्य मुनि सुधाकर जी ने आज यहां कहा कि धर्म आपको वह देता है जो पैसा नहीं दे सकता। धर्म हमें सुख, समृद्धि व शांति दे सकता है किंतु पैसा सब कुछ नहीं दे सकता। धर्म हमें जीने की कला सिखाता है। दुनिया में चार चीजें परम दुर्लभ है, पहला मनुष्य जन्म की प्राप्ति, दूसरा धार्मिक ज्ञान सुनने को मिलना, तीसरा श्रद्धा और चौथा पराक्रम करना। तेरापंथ भवन में अपने नियमित प्रवचन में मुनि सुधाकर जी ने कहा कि मनुष्य जन्म दुर्लभ है, इसे प्राप्त करने के लिए देवी-देवता भी तरसते हैं। उन्होंने कहा कि दुर्लभ चीजों में दूसरा सबसे महत्वपूर्ण चीज है धार्मिक ज्ञान सुनने को मिलना। यह हर किसी को नसीब नहीं होता। पुण्योदय होता है तब कहीं इसका मौका हमें मिलता है।

तेरापंथ भवन में जैन मुनियों का प्रवचन

सुनने का लाभ तभी है जब हम उस पर श्रद्धा करें और पराक्रम करें।

मुनिश्री सुधाकर ने कहा कि दृष्टि दो प्रकार की होती है पहला सम्यक दृष्टि और दूसरा मिथ्या दृष्टि। सम्यक दृष्टि अर्थात यथार्थ का ज्ञान होना, जो जैसा है उसका वैसा ही स्वरूप दिखाना। उन्होंने कहा कि आप धर्म और आत्मा की शुद्धि को आधार न मानकर निर्जरा को माध्यम मानकर सेवा करें। मुनि सुधाकर जी ने कहा कि मंत्र तारक भी होते हैं और मंत्र मारक भी होते हैं। जो व्यक्ति धर्म के प्रति गहरी आस्था रखता है, उसे वह सब मिलता है जो उसे पैसे से हासिल नहीं हो सकता। धर्म हमें जीने की कला सिखाता है। हम धर्ममय जीवन जीने का संकल्प करें। इससे पहले नरेश मुनि ने कहा कि इस जीवन में तुम अपनी आत्मा का उद्धार कर सकते हो, अपनी आत्मा का कल्याण कर सकते हो। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति धर्म की आराधना करता है, वह अपने जीवन को चमन बना लेता है। आज प्रवचन में कानमल पारख, जवरीलाल सांखला, प्रकाशचंद सांखला, सूरजमल गिड़िया उपस्थित थे।

आज डॉ. रमन सिंह शहर में

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह आज 16 मई को शहर आगमन हो रहा है। इस दौरान वे एक संक्षिप्त कार्यक्रम भाग लेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. रमन सिंह आज सुबह 11 बजे अपने रायपुर स्थित मौलश्री विहार से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे के जी.ई.रोड स्थित स्थानीय विधानसभा अध्यक्ष निवास पर आयेंगे तथा यहां से एक घंटे पश्चात् कंचनबाग में नवनिर्मित श्री जलाराम मंदिर के भव्य प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेंगे। फिर वे दोपहर 01.30 बजे कंचन बाग से वापस जी.ई.रोड स्थित अपने निवास स्थान पर आयेंगे। फिर वे शाम 5.00 बजे रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

भीषण गर्मी में समता मंच को प्याऊ घर... प्यासे कंठों को कर रहा तर

पिछले 29 वर्षों से समाज सेवा का मिसाल बना समता मंच

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है प्यास से लोगों के कंठ सूखे जा रहे है। ऐसे प्रतिकूल मौसम में समता मंच ने समाज सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है और शहर के लगभग आधा दर्जन से ज्यादा स्थानों में प्याऊ घर खोलकर प्यासे कंठों को तृप्त कराने का काम कर रहा है। दीन दुखियों की सेवा सहित समता हास्पिटल के माध्यम से रोगियों की सेवा व वृद्धजनों की सेवा से लेकर हरेक सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले समता मंच सामाज सेवा के क्षेत्र में विगत 29 वर्षों से जुटा हुआ है। समता मंच के प्रमुख गौतम पारख ने बताया कि मंच द्वारा गर्मी के दिनों में लोगों के प्यासे कंठों को शीतल जल पिलाकर उनकी आत्मा को ठंडकता पहुंचाने का कार्य सन् 1980 से किया जा रहा है। वर्तमान में शहर के जिला कार्यालय, जिला सत्र एवं न्यायालय, रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म एक व दो में तथा जिला चिकित्सालय बसंतपुर सहित गायत्री मंदिर चौक, कमल टाकीज के सामने, रामाधीन मार्ग, नया बस स्टैण्ड में फ्लाई ओवर के नीचे व गौरीशंकर पट्रोल पम्प के सामने प्याऊ घर संचालित है जहां 24 घंटे शीतल जल सेवा की सुविधा दी जा रही है। समता मंच के सेवा कार्यों की नगर में प्रशंसा हो रही है और लोग भीषण गर्मी के दिनों में प्यासे कंठों को शीतल जल से तृप्त करने की सराहना कर रहे है।

बजरंगपुर नवागांव वार्ड के नलों में पानी की कटौती

- भीषण गर्मी में पानी के लिए वार्ड में मची त्राहि-त्राहि
- टैंकर का अता-पता नहीं, बेजार वार्डवासी उतरेंगे सड़क पर

राजनांदगांव (दावा)। भीषण गर्मी में इन दिनों पानी का संकट सर्वत्र व्याप्त है। शहर के पटरी पार वार्ड हो या फिर आउटर वार्ड सभी जगह जल संकट विद्यमान है। नलों में या तो पूरी तरह पानी आना बंद हो गया है, या फिर नलों की धार पतली हो चुकी है। अब जानने में आ रहा है कि गर्मी में पानी की खपत बढ़ते देख कर जलापूर्ति के समय में कटौती कर दी गई है। इससे बजरंगपुर नवागांव वार्ड नं. एक व दो के नलों में पर्याप्त रूप पानी ही नहीं आ रहा है। बुधवार को तो हद ही हो गई शाम को नल खुला ही नहीं। इससे वार्डवासियों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। पानी का संकट मोतीपुर वार्ड में भी देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि पिछले दो-दिनों से यहां के नलों में पानी

नहीं आ रहा। वार्डवासियों का पानी नहीं मिलने से पानी के लिए उन्हें दर-दर भटकना पड़ रहा है। वार्ड नं. दो के बसंत सोनी ने बताया कि नवागांव बजरंगपुर वार्ड में विशाल पानी की टंकी है इसके बाद भी आसपास के वासियों को पर्याप्त रूप से पानी नहीं मिल रहा है। वार्ड नं. एक व वार्ड नं. दो के नल मात्र पौन घंटे के लिए खुल रहे है। जो इतने बड़े वार्ड के लिए नाकाफी है। वार्ड की महिला दुर्गा बाई ने बताया कि पहले सुबह 6 बजे से 8.30 बजे तक नल खुला करता था वही शाम को 4 बजे से 7 बजे तक नल चलता था। इससे पानी की भरपूर आपूर्ति होती थी लेकिन पिछले कुछ दिनों से इसमें कटौती कर दी गई है। सुबह एवं शाम मात्र पौन घंटे के लिए नल खोला जा रहा है। इससे दोनों वार्डों में पानी के लिए त्राहि-त्राहि मच गई है। लोगों को पीने का पानी से लेकर निस्तारी के लिए उपयोग होने वाले पानी के लिए भरी दोपहरी में गुंडी-बाल्टी-डूम आदि लेकर इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। गर्मी के दिनों में पानी के लिए बेजारे से वार्डवासियों ने बताया कि इतना कुछ होने के बावजूद वार्ड में पानी टैंकर की सुविधा नहीं दी जा रही है। यदि नलों में पर्याप्त रूप से जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं की गई तो परेशान वार्डवासी सड़क पर आने से नहीं हिंचकेंगे।

मोहारा का मोटर खराब

नलों में जलापूर्ति कम होने के सम्बंध में वार्ड पार्षद राजा तिवारी ने बताया कि मोहारा जल संयत्र का मोटर खराब हो गया है। दूसरे मोटर से काम चलाया जा रहा है जिससे टंकी भर नहीं पा रही है। इस वजह से नलों में जलापूर्ति कम हो गई है। पार्षद तिवारी ने बताया कि वार्ड के बापूटोला में टैंकरों से पानी भेजा जा रहा है। वार्ड नं. 2 में भी आवश्यकता पड़ने पर टैंकरों से पानी भिजवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अमृत मिशन के तहत जो विशाल टंकी नवागांव में स्थापित है उसे वार्ड के बापूटोला वाले ऊंचे स्थान में स्थापित किया जाता तो दोनों वार्ड के लिए पर्याप्त रूप से जलापूर्ति हो सकती थी। नवागांव में उक्त टंकी नीचे स्थान पर होने के कारण न तो ऊँचे भाग में स्थित बापूटोला क्षेत्र में जा रहा है और न वार्ड नं. 2 के वार्डवासी इससे लाभान्वित हो पा रहे है। इस टंकी के पानी का पूरा लाभ मोतीपुर वालों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल मोहारा में मोटर के खराब होने पर उपजी जल संकट की समस्या जल्दी दूर कर ली जाएगी।

फार्म हाउस में खंभा गाड़ते समय करंट लगने से मजदूर की मौत

साथ में काम करने वाली महिला भी करंट से झुलसी, उपचार हेतु भर्ती

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित एक कृषि फार्म में मजदूर द्वारा खंभा गड़ाते समय ऊपर से गुजरी हाई टेंशन तार के सम्पर्क में आने से उक्त मजदूर की विद्युत करंट से झुलस कर मौत हो गई वही साथ में काम करने वाली एक महिला भी करंट से बूरी तरह झुलस गई। उसे उपचार हेतु हास्पिटल ले जाया गया है।

घटना के सम्बंध में मृतक के छोटे भाई शिव साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना बुधवार दोपहर लगभग एक बजे की बताई जाती है। चिखली चौकी प्रभारी नरेश कुमार बंजारे ने बताया कि उनके थाना क्षेत्र स्थित सिंघानिया कृषि फार्म में चिखली ही वार्ड नं. 6 का झोपड़पट्टी निवासी जागेश्वर उर्फ गोलू साहू पिता

चिंता साहू (36 वर्ष) कंट्रक्शन साइट काम करता था। बुधवार को वह कृषि फार्म में अपने एक सहयोगी महिला कौशिल्या वर्मा पति दुर्गा वर्मा (48 वर्ष) निवासी शांति नगर के साथ लोहे का खंभा गाड़ रहा था। खंबा गाड़ते समय उक्त लोहे के खंभा ऊपर से गुजरी बिजली की तार से छू गया जिससे करंट प्रवाहित होते ही जागेश्वर उर्फ गोलू साहू की करंट में झुलस कर मौत हो गई। वही साथ में काम करने वाली महिला कौशिल्या वर्मा बूरी तरह झुलस गई जिसे नजदीक के संजीवनी हास्पिटल में भर्ती किया गया है। थाना प्रभारी श्री बंजारे ने बताया कि मजदूर को करंट में बुरी तरह झूलसने पर त्वरित उपचार के लिए नजदीक संजीवनी हास्पिटल लाया गया जहां डाक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया वही मृतक को बचाते समय हाथ में जबरदस्त करंट लगने से झूलसी महिला का फिलहाल उपचार हो रहा है। पुलिस इस सम्बंध में मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

भाजपा 400 के लक्ष्य को पार करेगी- खूबचंद पारख

राजनंदगांव (दावा)। भाजपा के लोकसभा चुनाव के सह समन्वयक खूबचंद पारख ने कहा कि भारत की राजनीति में वर्तमान दौर में हो रहे लोकसभा चुनाव के निर्णय से विश्व जगत में भारत की स्थिति तय करेगी। उन्होंने कहा कि आज दो विचारधाराओं की लड़ाई इस चुनाव में चल रही है। सकारात्मक विचारधारा के अनुसार मोदी जी 400 के आंकड़े को पार करते हुए 405 सीट लाकर भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने की दिशा की ओर अग्रसर होंगे और विपक्षी महाठग गठबंधन की करारी हार होगी। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने कहा कि कांग्रेस को कोई भी काम अच्छा नहीं लगता। कोई जिम्मेदारी दी जाती है तो कांग्रेस उसे अव्यवस्था अराजकता का शिकार बना देती है। देश आजाद हुआ 1947 में और देश में कांग्रेस की सरकार बनी तो देश को समद्धि की ओर ले जाने के बदले देश को अव्यवस्था, अराजकता, जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, आतंकवाद, नक्सलवाद और भ्रष्टाचार की ढकेल दिया। जानबूझ कर देश के संविधान में ऐसे-ऐसे संशोधन करने के प्रयास कर बाबा साहेब आंबेडकर को भी अपमानित कर रहे थे। देश के अंदर आतंकवाद, अलगावावाद को बढ़ावा देते रहे। उसी में धारा 370 का जोड़ा गया जो भारत के मूल संविधान में नहीं बल्कि 1952 के संशोधन के माध्यम से कश्मीर के लिए विशेष प्रावधान कर दिया गया। उसी के खिलाफ भारतीय जनसंघ के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को आंदोलन करना पड़ा था जिसमें नारा दिया गया था कि एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे। भारतीय जनसंघ और भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता यह नारा लगाता था। 65 वर्ष तक कांग्रेस के लोग कुछ नहीं कर पाए। जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने और अमित शाह गृहमंत्री बने तब धारा 370 समाप्त हुई। कश्मीर भारत की मूल धारा से जुड़कर विकास की ओर गतिशील हुआ और कश्मीर से आतंकवाद का खात्मा हो गया। देश में कहीं भी जोर से पटाखा भी फूटता हैं तो सबसे पहले पाकिस्तान कहता है, मैंने नहीं किया। पाकिस्तान जानता है कि भारत में अगर कोई आंतकवाद फैला कर पकिस्तान में छुपा होगा तो भारत उसे घर में घुसकर मारेगा। क्योंकि भय के बिना प्रीति नहीं होती। श्री पारख ने कहा कि 1947 के बाद जब पाकिस्तान बड़ी अकड़ के साथ भारत से अलग हुआ था आज वहां की 20 करोड़ आबादी के पास अनाज का संकट है, और मोदी जी करीब साढ़े चार वर्ष से 80 करोड़ जनता को अनाज दे रहे हैं वो भी मुफ्त। ये आगामी 5 साल तक जारी रहेगा। बल्कि 10 वर्ष पूर्व पाकिस्तान की जो अकड़ थी मोदी जी ने सर्जिकल स्ट्राइक एवं नोटबंदी करके उस अकड़ को समाप्त कर दिया है, आज बलूचिस्तान एवं पाक अधिकृत कश्मीर की जनता सड़कों में आ गई है और पाक के खिलाफ आंदोलन कर रही है, भारत ने भी कह दिया है कि कश्मीर का वह हिस्सा शुरू से ही भारत का अभिन्न अंग है, और भारत उसे लेकर रहेगा। भारत को विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने में कोई हनुमान जी, जाम्बवंत तो कोई गिलहरी के रूप में सहयोग दिया है। अब 2047 तक विकसित भारत और देश की तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनाने की संकल्पना को पूरा करने तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने छत्तीसगढ़ की 11 की 11 सीटें जीतकर देने का संकल्प ले चुके है। खूबचंद पारख ने कहा कि आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं, महिलाएं सुरक्षित हैं। विकास के नये नये कार्य हो रहे हैं ये सब मोदी जी की ही देन है। ये नया भारत हैं जो देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देता है। आज देश में हर घर नल जल है, हर घर शौचालय हैं, स्टेट हाइवे एवं राष्ट्रीय राजमार्ग हैं, एम्स हैं ये सब भाजपा की पहचान बन चुकें हैं। 11 करोड़ शौचालय का निर्माण हो चुका है। 10 करोड़ रसोई गैस 4 करोड़ प्रधानमंत्री आवास 11 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिला। उत्तर प्रदेश में 56 लाख प्रधानमंत्री आवास बन चुकें हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने प्रधानमंत्री आवास बनने नहीं दिया परंतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी हैं। आज देश में 2.5 करोड़ गरीबों के घर में बिजली कनेक्शन है। पारख ने कहा कि युवाओं, महिलाओं, किसान, गरीब मजदूरों के बेहतरी और खुशहाली के लिए मोदी जो को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना तो जरूरी है ही साथ ही 400 के लक्ष्य को पार करेंगे, तभी देश प्रगति पथ पर अग्रसर हो पाएगा और 4 जून को देश के जागरूक मतदाता मोदी जी को यह आशीर्वाद देने वाले है, यह तय है।

आज जलाराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होंगे डॉ. रमन सिंह

- मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ-हवन का बना रहेगा माहौल
- अन्नकूट के साथ होगी महाआरती

राजनांदगांव (दावा)। शहर के कंचनबाग स्थित गुजराती कालोनी में संत शिरोमणि जलाराम बापा सहित भगवान श्री राम जानकी व लक्ष्मण एवं श्री राधा-कृष्ण, भगवान गणेश के अलावा शिव परिवार की मनोहारी प्रतिमाओं का वैदिक विधि के साथ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के इस क्रम में मंगलवार को धूमधाम के साथ इन मनोहारी देव प्रतिमाओं की धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में गुजराती समाज के गणमान्य नागरिक शामिल थे। आज 16 मई गुरूवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलाराम मंदिर कंचन बाग में इन देवविगहो की प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन में राजनांदगांव के विधायक व वर्तमान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल होंगे। श्री जलाराम सत्संग सेवा समिति, श्री लोहाणा महाजन, श्री लोहाणा महिला मंडल व श्री लोहाणा नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की गुजराती समाज में धूम रही। आज 16 मई को उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 10 से प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। इस दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव के लोकप्रिय विधायक डॉ. रमन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति बनी रहेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com